वर्ष- 3 , अंक- 125
छपरा
6 अप्रैल सोमवार
2026
पृष्ठ - 04
dkk
दैनिक खोजखबर
खबरों की सच्चाई से रू-ब-रू
E-mail : dainikkhojkhabar@gmail.com
E-Paper
website : www.dainikkhojkhabar.live

पीएम मोदी बोले:

# टीएमसी के पापों का घड़ा भर चुका: ये खास मजहब के लोग बंगाल में हिंदुओं का रहना मुश्किल कर देंगे



**कोलकाता/चेन्नई,एजेंसी।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने रविवार को पश्चिम बंगाल के कूचबिहार में चुनावी सभा में कहा कि TMC के पापों का घड़ा भर चुका है और अब जनता बदलाव चाहती है। चुनाव के बाद भ्रष्टाचारियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई होगी, चुन-चुनकर हिसाब लिया जाएगा।

PM मोदी ने कहा- 1905 में मजहबी ताकतों ने बंगाल में लाल इश्तेहार जारी किया था। उसके बाद हिंदुओं का नरसंहार किया गया था। टीएमसी उसी की याद दिलाना चाहती है। ये खास मजहब के लोग बंगाल में हिंदुओं का रहना मुश्किल कर देंगे।

- **ये लोग बंगाल में हिंदुओं का रहना मुश्किल कर देंगे :** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने कहा कि तुष्टिकरण के इस खेल में बंगाल की महान पहचान को बदला जा रहा है। अभी TMC ने अपना घोषणा पत्र जारी किया है, लेकिन उसका नाम उन्होंने बांग्ला भाषा में नहीं रखा, बल्कि उसे इश्तेहार कहा जा रहा है। सोचिए कि कैसे पश्चिम बंगाल की पहचान को बदल रहे हैं। आप जानते हैं कि इश्तेहार का इस्तेमाल बंगाल में किसलिए हुआ था। 1905 में मजहबी ताकतों ने बंगाल में लाल इश्तेहार जारी किया था। उसके बाद हिंदुओं का नरसंहार किया गया था। टीएमसी हमें उसी की याद दिलाना चाहती है। आपको भूलना नहीं है कि यहां निर्मम सरकार में खुलेआम धमकी दी जा रही है। ये खास मजहब के लोग बंगाल में हिंदुओं का रहना मुश्किल कर देंगे।
- **मुझे चुनाव आयोग पर विश्वास, निष्पक्ष चुनाव होंगे :** PM मोदी ने कहा कि इस बार का चुनाव आपके बच्चों का भविष्य तय करने वाला है। इसलिए आप बच्चों के भविष्य के लिए वोट दीजिए। आप अपना वोट अपने परिवार के लिए दीजिए। बीजेपी को वोट देकर परिवर्तन पर मुहर लगाइए। मुझे चुनाव आयोग पर विश्वास है कि इस बार निष्पक्ष चुनाव होगा।

प्रधानमंत्री ने आरोप लगाया कि टीएमसी शासन में लोकतंत्र कमजोर हुआ है। संवैधानिक संस्थाओं की अनदेखी की जा रही है। राज्य में भ्रष्टाचार, घुसपैठ और महिलाओं के खिलाफ अत्याचार ने जनता को भय और असुरक्षा के माहौल में धकेल दिया है।

उन्होंने संदेशखाली जैसी घटनाओं का जिक्र करते हुए महिलाओं की सुरक्षा को बड़ा मुद्दा बताया।

# मुख्यमंत्री के खिलाफ होगी कानूनी कार्रवाई, एक दिन जनता से मांगेंगे माफी : राहुल गांधी

**बिश्वनाथ,एजेंसी।** लोकसभा सांसद व नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी ने रविवार को असम के बिश्वनाथ में आयोजित एक जनसभा को संबोधित करते हुए मुख्यमंत्री डॉ. हिमंत बिस्व सरमा पर तीखा हमला बोला। उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री के खिलाफ कानूनी कार्रवाई की जाएगी और एक दिन ऐसा आएगा जब उन्हें असम की जनता के सामने हाथ जोड़कर माफी मांगनी पड़ेगी।



अपने भाषण की शुरुआत में राहुल गांधी ने असम की सांस्कृतिक विरासत का उल्लेख करते हुए कहा कि यह भूमि श्रीमंत शंकरदेव, अजान फकीर, जुबीन गर्ग और तरुण गोगोई की है। उन्होंने कहा कि जुबीन गर्ग ने हमेशा समाज को जोड़ने का काम किया और कभी किसी की भावनाओं को ठेस नहीं पहुंचाई।

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी और केंद्र सरकार पर भी निशाना साधते हुए उन्होंने आरोप लगाया कि असम को एटीएम की तरह इस्तेमाल किया जा रहा है। राज्य की जमीन उद्योगपतियों जैसे गौतम अडानी और बाबा रामदेव को दी जा रही है, जबकि यह जमीन असम के लोगों और किसानों की है।

उन्होंने कहा कि अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प जब चाहें प्रधानमंत्री मोदी का राजनीतिक करियर खत्म कर सकते हैं। इसके साथ ही उन्होंने नरेन्द्र मोदी और अमित शाह पर भ्रष्टाचार के आरोप भी लगाए।


राहुल गांधी ने भाजपा पर छह समुदायों को अनुसूचित जनजाति (एसटी) का दर्जा देने के वादे को पूरा न करने का भी आरोप लगाया।

## असम में भाजपा कार्यकर्ता की पीट-पीटकर हत्या, चुनावी हिंसा का आरोप

**चराईदेव (असम),एजेंसी।** असम में विधानसभा चुनाव नजदीक आते ही हिंसा की घटनाएं बढ़ती नजर आ रही हैं। इसी कड़ी में चराईदेव जिले से एक भयावह घटना सामने आई है, जहां एक भाजपा कार्यकर्ता की लाठियों से पीट-पीटकर हत्या कर दी गई। पुलिस ने रविवार को बताया कि मृतक की पहचान खूदकन बोरा के रूप में हुई है, जो चुनाव प्रचार में जुटे थे। आरोप है कि जय भारत पार्टी के समर्थकों ने उन पर हमला किया, जिससे उनकी मौके पर ही मौत हो गई। सूत्रों के अनुसार, जय भारत पार्टी के समर्थक तिलेश्वर मुर्मू पर इस हत्या को अंजाम देने का आरोप लगा है। घटना के बाद सोनारी विधानसभा क्षेत्र में तनावपूर्ण स्थिति बनी हुई है। इस घटना पर प्रतिक्रिया व्यक्त करते हुए सोनारी के विधायक धर्मेश्वर कोंवर ने इसे अत्यंत दुर्भाग्यपूर्ण बताया। उन्होंने कहा कि एक कार्यकर्ता को रास्ते में रोककर पीट-पीटकर हत्या अस्वीकार्य है।

# 3 साल की बच्ची से गैंगरेप ब्लीडिंग से हालत नाजुक

- **पटना में चाचा ने घर से उठाया; प्राइवेट पार्ट को दांत से काटा, शरीर पर चोट के निशान**



**पटना,एजेंसी** पटना के परसा बाजार में 3 साल की दलित बच्ची से गैंगरेप का मामला सामने आया है। सबसे हैरान करने वाली बात यह है कि आरोपियों में बच्ची का चाचा भी शामिल है। पुलिस ने बच्ची के चाचा और उसके साथी को गिरफ्तार कर लिया है। इन दरिंदों ने मासूम के साथ न सिर्फ रेप किया, बल्कि उसके साथ बर्बरता भी की। बच्ची की चीख को दबाने के लिए बदमाशों ने उसके प्राइवेट पार्ट को दांत से काटा।

बच्ची के चेहरे, पीठ और नाजुक अंगों पर गहरे जख्म हैं। पूरे शरीर पर मारपीट के नीले निशान हैं। लहूलुहान और बेसुध बच्ची को एम्स पटना के आईसीयू में भर्ती कराया गया है। उसकी हालत बेहद नाजुक बनी हुई है।


गिरफ्तार चाचा की उम्र 22 साल है। वह शादीशुदा नहीं है। वहीं दूसरे आरोपी जितेंद्र की सात साल की बेटी है। दोनों स्मैकियर हैं।

दोनों की गिरफ्तारी हो चुकी है और दो की भूमिका संदिग्ध है। जबकि तीसरा आरोपी फरार है। पुलिस इस मामले में सभी आरोपितों का डीएनए टेस्ट कराएगी।

गैंगरेप मामले में एक दिव्यांग युवक को भी हिरासत में लेकर पूछताछ की जा रही है। पुलिस और एफएसएल टीम ने घटनास्थल से खून से सने कपड़े और सबूत जुटा लिए हैं। पॉक्सो एक्ट समेत संगीन धाराओं में केस दर्ज कर लिया गया है।

## शंकराचार्य बोले-मोहन भागवत शादी कर बच्चे क्यों नहीं पैदा करते

### विपक्ष के समर्थन के सवाल पर कहा- जो हमारी सुनेगा, उसके साथ खड़े हो जाएंगे



**बरेली,एजेंसी।** 'हमने तो कहा था कि मोहन भागवत और उनके प्रचारक आएं, विवाह करें, बच्चे पैदा करें, जनसंख्या बढ़ाएं। एक तरफ सरकार कह रही है कि जनसंख्या विस्फोट हो रहा। दूसरी तरफ, ये लोग जनसंख्या बढ़ाने की बात करते हैं। अगर संख्या बढ़नी इतनी जरूरी है तो आप शादी करके बच्चे पैदा क्यों नहीं करते। दूसरों पर बोझ क्यों लादते हो। पहले खुद करो, फिर दूसरों से कहो।' शंकराचार्य स्वामी अविमुक्तेश्वरानंद सरस्वती ने रविवार को बरेली में प्रेस कॉन्फ्रेंस के दौरान ये बातें कहीं। वे ऋस्स प्रमुख के 3 बच्चे पैदा करने वाले बयान से जुड़े सवाल पर जवाब दे रहे थे। दरअसल, भागवत कई बार कह चुके हैं कि हिंदुओं के लिए तीन बच्चे पैदा करना जरूरी हैं। पिछले महीने मथुरा दौरे पर भी भागवत ने कहा था- डॉक्टर मानते हैं कि अगर किसी परिवार में तीन संतान होती हैं तो माता-पिता और बच्चों के सेहतमंद होने की संभावना बढ़ जाती है। जैसा कि मानस शास्त्र कहता है कि घर में तीन बच्चे होने पर वे बड़े होकर बेहतर और संतुलित व्यक्तित्व के बनते हैं। आपसी झगड़े-टकराव भी कम होते हैं।

## भारी बारिश-ओलावृष्टि से फसल नुकसान पर केंद्र सतर्क, प्रभावित राज्यों के कृषि मंत्रियों के साथ होगी बैठक : शिवराज सिंह चौहान

**नई दिल्ली,एजेंसी।** देश के कई राज्यों में हाल ही में हुई भारी बारिश और ओलावृष्टि से फसलों को हुए नुकसान को लेकर केंद्र सरकार सक्रिय हो गई है। केंद्रीय कृषि एवं किसान कल्याण मंत्री शिवराज सिंह चौहान ने इस स्थिति का संज्ञान लेते हुए अधिकारियों को तत्काल समीक्षा करने के निर्देश दिए हैं।



कृषि मंत्रालय के अनुसार, मंत्री शिवराज सिंह चौहीन ने संबंधित राज्यों के अधिकारियों से संपर्क कर विस्तृत रिपोर्ट तैयार करने को कहा है। उन्होंने स्पष्ट किया कि फसलों को हुए नुकसान का सही आकलन जरूरी है, ताकि प्रभावित किसानों को समय पर राहत प्रदान की जा सके।

मंत्री ने भरोसा दिलाया कि इस कठिन समय में केंद्र सरकार किसानों के साथ मजबूती से खड़ी है और उन्हें किसी भी प्रकार की चिंता करने की आवश्यकता नहीं है। सरकार हर संभव सहायता उपलब्ध कराने के लिए प्रतिबद्ध है।

इसके साथ ही, शिवराज सिंह चौहान ने बताया कि प्रभावित राज्यों के कृषि मंत्रियों के साथ आज बैठक आयोजित की जाएगी। इस बैठक में फसल क्षति का विस्तृत आकलन कर राहत और मुआवजे के उपायों पर निर्णय लिया जाएगा।

# ईरान बोला- अमेरिकी रेस्क्यू मिशन में शामिल विमान गिराया, लापता एयरमैन की तलाश कर रहा था

### अमेरिका बोला- स्पेशल ऑपरेशन चला दो पायलट सुरक्षित निकाले

**तेल अवीव/तेहरान/वॉशिंगटन डीसी,एजेंसी।** ईरान ने रविवार को दावा किया है कि उसने अमेरिकी रेस्क्यू ऑपरेशन में शामिल C-130 कैटेगरी का एक विमान मार गिराया। फार्स न्यूज एजेंसी के अनुसार, ईरान की इस्लामिक रिवोल्यूशनरी गार्ड कॉर्प्स (IRGC) ने कहा कि यह विमान इस्फहान के दक्षिणी इलाके में लापता अमेरिकी एयरमैन की तलाश में लगा हुआ था।



यह दावा ऐसे समय में सामने आया है जब कुछ देर पहले ही ट्रम्प ने घोषणा की है कि लापता एयरमैन को स्पेशल ऑपरेशन चलाकर सुरक्षित बचा लिया गया है। ट्रम्प ने सोशल मीडिया पोस्ट पर बताया कि यह अधिकारी एक कर्नल थे, जो F-15E लड़ाकू विमान गिराए जाने के बाद लापता हो गए थे।

उन्होंने कहा, 'हमने उसे बचा लिया। पिछले कुछ घंटों में अमेरिकी सेना ने अपने इतिहास के सबसे साहसी सर्च और रेस्क्यू ऑपरेशनों में से एक को अंजाम दिया।'

इससे एक दिन पहले उसी मिशन में एक और अमेरिकी पायलट को बचाया गया था। दूसरे ऑपरेशन को गोपनीय रखा गया ताकि दूसरे एयरमैन की लोकेशन खतरे में न पड़े।

### ईरान ने ट्रम्प का 48 घंटे का अल्टीमेटम ठुकराया

ईरान ने ट्रम्प के 48 घंटे में होर्मुज खोलने के अल्टीमेटम को ठुकरा दिया है। ईरानी सेना ने कहा है कि अमेरिका बेबस और घबराकर धमकियां दे रहा है।

ट्रम्प ने ईरान को होर्मुज खोलने या समझौता करने का अल्टीमेटम दिया था। उन्होंने कहा था कि समय खत्म हो रहा है और ऐसा नहीं होने पर ईरान के ऊर्जा ठिकानों को निशाना बनाकर तबाह कर दिया जाएगा।

# भिक्षावृत्ति में लिप्त बच्चे: देशभर में 14 साल तक के 45 हजार भिखारी; राजस्थान दूसरे नंबर पर

**जयपुर,एजेंसी।** केंद्रीय सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता मंत्रालय की मानें तो देशभर में 14 साल से कम उम्र वाले सिर्फ 45 हजार 296 बच्चे ही ऐसे हैं, जो भिक्षावृत्ति में लिप्त पाए गए। उसमें भी उत्तर प्रदेश में सबसे ज्यादा 10 हजार बच्चे भीख मांगते पाए गए, जबकि दूसरे नंबर पर राजस्थान है, जहां इन बच्चों की संख्या सात हजार से अधिक है। यह जानकारी 2011 की जनगणना के आधार पर दी गई है। राज्य सभा में एक अतारांकित सवाल के जवाब में यह जानकारी दी गई है।

राज्यमंत्री बीएल वर्मा ने बताया कि आंकड़े भारत के महारजिस्ट्रार की वेबसाइट की सूचना पर आधारित है। ऐसे बच्चों के पुनर्वास की योजना 23 अक्टूबर, 2023 में शुरू की गई थी और तब से अब तक 2653 बच्चों का पुनर्वास किया गया है। इनमें 1507 बच्चों को उनके माता-पिता अथवा परिवारों से मिलवाया गया।



वहीं, 305 बच्चों को आंगनबाड़ी केंद्रों से जोड़ा गया। 206 बच्चों को बाल कल्याण समिति को सौंपा गया है। साथ ही 625 बच्चों को स्कूलों में नामांकन की सुविधा प्रदान की गई है। सरकार ने कहा कि विभाग पहले से ही भिक्षावृत्ति के कार्य में लिप्त व्यक्तियों के व्यापक पुनर्वास के लिए योजना चला रहा है। जिसमें बच्चों पर विशेष ध्यान दिया जा रहा है। ऐसे में इस समय नए कानून अथवा योजना चलाने की आवश्यकता नहीं है।

### दो केंद्रशासित प्रदेशों में एक भी भिखारी नहीं

सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता विभाग ने अपनी रिपोर्ट में बताया है कि केंद्र शासित प्रदेश दादरा-नगर हवेली और अंडमान निकोबार द्वीप समूह में एक भी बच्चा भिक्षावृत्ति में लिप्त नहीं पाया गया। वहीं, लक्ष्यद्वीप और सिक्किम में एक-एक, मिजोरम में छह, दमन और दीव में आठ और पुदुचेरी में नौ बच्चे ऐसे कार्यों में लिप्त पाए गए।

## झारखंड समेत 6 राज्यों में भारी बारिश का अलर्ट अप्रैल के पहले हफ्ते में तीसरा वेस्टर्न डिस्टरबेंस एक्टिव

### इससे राजस्थान-म.प्र.में ओले गिरेंगे

**भोपाल/लखनऊ/शिमला/देहरादून, एजेंसी।** देश के उत्तरी इलाकों में अप्रैल के पहले हफ्ते में तापमान 40डिग्री के आसपास रहता है। कई राज्यों में लू चलती है। दक्षिणी और समुद्र किनारे बसे राज्यों में उमस भरा मौसम रहता है। लेकिन इस बार पहाड़ी राज्यों में बर्फबारी हो रही है। तटीय राज्यों में बारिश, मैदानी इलाकों में ओले गिर रहे हैं। तापमान भी 35डिग्री से कम या आसपास है।

इसका कारण है लगातार आ रहे पश्चिमी विक्षोभ (वेस्टर्न डिस्टर्बेंस)। मौसम विशेषज्ञों के मुताबिक मार्च-अप्रैल में अमूमन इतने ज्यादा विक्षोभ नहीं बनते। इनका असर उत्तर भारत में देखने को मिलता है। इस बार इनकी पोजिशन उत्तर-पश्चिमी मैदानी इलाकों में है। इसे अरब सागर के साथ बंगाल की खाड़ी से भरपूर नमी मिली और जमकर आंधी-बारिश हुई।



अकेले मार्च में देश पर 8 पश्चिमी विक्षोभों का असर पड़ा, जबकि सामान्य तौर पर यह संख्या 5 या 6 होती है। 13 मार्च से अब तक 6 पश्चिमी विक्षोभ आ चुके हैं। 6 अप्रैल को एक नया सिस्टम बनेगा। इसका असर आज से शुरू हो गया है। असम, मेघालय, अरुणाचल, केरल और तमिलनाडु में भारी बारिश हो सकती है। झारखंड में ओले-बारिश का ऑरेंज अलर्ट है। रविवार को मध्य प्रदेश, छत्तीसगढ़, पूर्वी उत्तर प्रदेश, हिमाचल प्रदेश, उत्तराखंड, बिहार, ओडिशा, बंगाल, झारखंड, आंध्र प्रदेश, तेलंगाना, कर्नाटक, नगालैंड, मणिपुर, मिजोरम, त्रिपुरा में आज बारिश का यलो अलर्ट है।

# सुप्रीम कोर्ट: साक्षरता बढ़ी, कई पहल हुए लेकिन घरेलू हिंसा नहीं रुकी

### यह रोग ग्रस्त सामाजिक व्यवस्था का संकेत

**नई दिल्ली,एजेंसी।** सुप्रीम कोर्ट ने कहा कि घरेलू हिंसा जैसी प्रथाएं अपवाद नहीं बल्कि एक रोगग्रस्त सामाजिक व्यवस्था का संकेत हैं। देश में महिलाओं के खिलाफ अपराधों के प्रत्यक्ष आंकड़े एक चिंताजनक तस्वीर प्रस्तुत करते हैं। शीर्ष अदालत ने कहा कि भारत ने महत्वपूर्ण आर्थिक विकास, साक्षरता में वृद्धि और शिक्षा एवं कार्यबल में महिलाओं की बढ़ती भागीदारी का अनुभव किया है, फिर भी पितृसत्ता ग्रामीण और अर्ध-शहरी क्षेत्रों में रोजमर्रा की जिंदगी का एक अभिन्न अंग बनी हुई है। जस्टिस संजय करोल व जस्टिस



एन कोटिश्वर सिंह की पीठ ने कहा कि संविधान समानता, लिंग के आधार पर गैर-भेदभाव और जीवन एवं स्वतंत्रता के अधिकार का वादा करता है, लेकिन ऐसे मामले दर्शाते हैं कि इतने वर्षों बाद भी, संविधान में निहित अधिकार कई लोगों के लिए अभी भी दूर हैं। अदालत ने कहा कि कानूनी सुधारों के साथ-साथ, राज्य ने कल्याणकारी और सामाजिक परिवर्तन योजनाओं और कार्यक्रमों में निवेश किया है। बेटी बचाओ, बेटी पढ़ाओ जैसी योजनाएं लैंगिक असमानता को दूर करने और लड़कियों की शिक्षा में सुधार लाने के उद्देश्य से शुरू की गई हैं, जबकि सुकन्या समृद्धि योजना और उज्ज्वला योजना जैसी पहलों का लक्ष्य महिलाओं की आर्थिक सुरक्षा बढ़ाना और उनके जीवन स्तर में सुधार करना है।

# ओडिशा में बढ़ा आरक्षण का दायरा: एससी-एसटी और ओबीसी छात्रों को मिलेगा अधिक लाभ

**भुवनेश्वर,एजेंसी।** ओडिशा सरकार ने राज्य में सामाजिक न्याय और समानता को बढ़ावा देने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम उठाया है। सरकार ने अनुसूचित जनजाति (एसटी), अनुसूचित जाति (एससी) और सामाजिक और आर्थिक रूप से पिछड़े वर्ग (एसईबीसी) के लिए चिकित्सा और तकनीकी शिक्षा संस्थानों में आरक्षण के कोटे में वृद्धि की है। यह फैसला शनिवार को मुख्यमंत्री मोहन चरण माझी की अध्यक्षता में हुई कैबिनेट बैठक में लिया गया।

मुख्यमंत्री ने बताया कि एसटी छात्रों के लिए कोटा 12 प्रतिशत से बढ़ाकर 22.50 प्रतिशत कर दिया गया है। इसी तरह एससी छात्रों के लिए आरक्षण आठ प्रतिशत से बढ़ाकर 16.25 प्रतिशत किया गया है। ओडिशा में सामाजिक और आर्थिक रूप से पिछड़े वर्ग (एसईबीसी) के रूप में पहचाने जाने वाले ओबीसी छात्रों के लिए राज्य सरकार ने 11.25 प्रतिशत का आरक्षण भी शुरू किया है।

**कहां-कहां लागू होगा फैसला?** यह नई आरक्षण व्यवस्था राज्य भर के विश्वविद्यालयों, उनसे संबद्ध कॉलेजों, शैक्षणिक संस्थानों, आईटीआई और पॉलिटेक्निक में इंजीनियरिंग, प्रौद्योगिकी, प्रबंधन, कंप्यूटर अनुप्रयोग, चिकित्सा, सर्जरी, दंत चिकित्सा, नर्सिंग, फार्मेसी, संबद्ध स्वास्थ्य विज्ञान, मनोचिकित्सा, आयुर्वेद, होम्योपैथी, कृषि और संबद्ध विज्ञान, वास्तुकला, योजना



और सिनेमाई कला जैसे विभिन्न क्षेत्रों में लागू होगी। साथ ही राज्य सरकार द्वारा समय-समय पर अधिसूचित अन्य पाठ्यक्रमों में स्नातक और स्नातकोत्तर स्तर पर प्रमाण पत्र, डिप्लोमा और डिग्री प्रदान करने में भी इस नई आरक्षण प्रणाली का पालन किया जाएगा।

**जनसंख्या के अनुपात में आरक्षण :** मुख्यमंत्री ने इस बात पर प्रकाश डाला कि राज्य में एसटी आबादी 22 प्रतिशत से अधिक होने के बावजूद लंबे समय से तकनीकी, व्यावसायिक, चिकित्सा और संबद्ध पाठ्यक्रमों में उनके लिए आरक्षण केवल 12 प्रतिशत था। उन्होंने कहा कि अब इसे उनकी जनसंख्या के अनुपात के अनुसार बढ़ाया गया है।

**सीटों की संख्या में वृद्धि :** फैसले के बारे में स्पष्टीकरण देते हुए मुख्यमंत्री ने बताया कि राज्य की कुल 2,421 स्नातक और स्नातकोत्तर चिकित्सा सीटों में से 12 प्रतिशत आरक्षण के आधार पर एसटी छात्र केवल 290 सीटें ही सुरक्षित कर पाते थे। हालांकि, उनके कोटे को 22.5 प्रतिशत तक बढ़ाने के बाद, अब 545 एसटी छात्र चिकित्सा सीटें सुरक्षित कर पाएंगे। इसी प्रकार, एससी राज्य की आबादी का 17 प्रतिशत से अधिक हिस्सा हैं, लेकिन उनके लिए केवल आठ प्रतिशत आरक्षण था। पहले आरक्षित श्रेणी के तहत केवल 193 एससी छात्र ही सीटें प्राप्त कर पाते थे, लेकिन अब यह संख्या बढ़कर 393 हो जाएगी। राज्य की कुल 44,579 इंजीनियरिंग सीटों में से, एसटी के लिए सीटों की संख्या 5,349 से बढ़कर 10,030 हो जाएगी। एससी के लिए यह संख्या 3,566 से बढ़कर 7,244 हो जाएगी, और पहली बार, एसईबीसी छात्रों के लिए 515 सीटें आरक्षित की जाएंगी।

# सोनपुर में वीर शिरोमणि बाबाचौहरमल के मनायीं गयी 713वीं जयंती



**दैनिक खोज खबर/सोनपुर ।** डाक बंगला मैदान सोनपुर में रविवार को आयोजित वीर शिरोमणि बाबा चौहरमल की 713 वीं जयंती समारोह ने उपस्थित विशिष्ट अतिथियों ने उनके तैल चित्र पर माल्यार्पण कर नमन कर उनके व्यक्तित्व और कृतित्व पर प्रकाश डाला। श्रद्धांजलि के साथ-साथ सामाजिक जागरूकता और एकजुटता का सशक्त संदेश भी दिया। बड़ी संख्या में लोगों की उपस्थिति से कार्यक्रम ने जनआंदोलन का रूप ले लिया, जहां समानता और अधिकारों की बात प्रमुखता से उठी।जहाँ वक्ताओ ने कहा कि बाबा चौहरमल का जन्म बिहार में मोकामा अंचल क्षेत्र के शंकरवाड़ टोला में हुआ था। तब इस क्षेत्र को मगध के नाम से जाना जाता था। उनका जन्म दुसाध ज़ाति के एक किसान परिवार में 04 अप्रैल 1313, तदनुसार चैत्र पूर्णिमा को हुआ था। इनके पिता बन्दीमल और माता रघुमती थी। इनका कर्मस्थान मोकामा ताल के चाराडीह में था और इससे 14 किलोमीटर दूर तुरकैजनी गांव में इनका ननिहाल था। इनका ससुराल मोकामा ताल के खुटहा ( बड़हिया ) गावँ में था। मुख्य अतिथि के रूप में मौजूद पीएचईडी मंत्री संजय कुमार सिंह ने कहा कि बाबा चौहरमल का जन्म 4 अप्रैल 1313 को मोकामा के घोरौनी टोला में हुआ था। लगभग 120 वर्ष बाद 1 नवंबर 1433 को उनका निधन हो गया। उन्हें अन्याय और अत्याचार के खिलाफ वीरता और समानता के प्रतीक के रूप में याद किया जाता है। उनका जीवन संघर्ष और स्वाभिमान की मिसाल है। उन्होंने कहा कि समाज में व्याप्त भेदभाव को समाप्त करने के लिए उनके विचार आज भी प्रासंगिक हैं और इन्हें व्यवहार में लाना समय की मांग है। गन्ना उद्योग मंत्री संजय पासवान ने अपने संबोधन में बाबा चौहरमल को सामाजिक परिवर्तन का प्रेरणास्रोत बताते हुए कहा कि उन्होंने वंचित वर्गों को सम्मान दिलाने के लिए जो संघर्ष किया, वह आने वाली पीढ़ियों के लिए मार्गदर्शक है। उन्होंने युवाओं से उनके आदर्शों को अपनाने का आह्वान किया। अमनौर विधायक कृष्ण कुमार सिंह मंटू ने कहा कि बाबा चौहरमल ने समाज को अपने अधिकारों के लिए आवाज उठाने का साहस दिया। उन्होंने कहा कि उनके विचारों का व्यापक प्रसार ही सच्ची श्रद्धांजलि होगी।कार्यक्रम में वक्ताओं ने सामाजिक समरसता, समान अवसर और एकजुटता को मजबूत करने का संकल्प दोहराया। आयोजन में जनप्रतिनिधियों, सामाजिक कार्यकर्ताओं और स्थानीय लोगों की सक्रिय भागीदारी से माहौल उत्साहपूर्ण बना रहा।

## दो चारपहिया वाहनों की आमने सामने टक्कर में एचएम सहित पांच घायल

**तरैया पानापुर मार्ग पर फकुली गांव के समीप हुई घटना**

**दैनिक खोज खबर/पानापुर (सारण)।** तरैया पानापुर मुख्य मार्ग पर फकुली गांव के समीप शनिवार की सुबह दो चारपहिया वाहनों की आमने सामने हुई टक्कर में एक वाहन पर सवार शिक्षक एवं चालक गंभीर रूप से घायल हो गए. घटना के संबंध में बताया जाता है कि प्रखंड के उच्चतर माध्यमिक विद्यालय भोरहा में प्राचार्या के पद पर पदस्थापित गीतांजलि कुमारी रोजाना की तरह अपने सैन्ट्रो कार से छपरा से विद्यालय आ रही थी. उस कार पर इसी विद्यालय की शिक्षिका उर्मिला कुमारी, नगरा निवासी शिक्षक चंदन कुमार एवं दिघवा दुबौली के एक प्राथमिक विद्यालय में पदस्थापित शिक्षिका रिंकी कुमारी भी सवार थी. जैसे ही वे फकुली गांव पहुँचे इसी दौरान पानापुर से



तरैया की तरफ जा रहे एक क्रेटा कार से उनके गाड़ी की जोरदार टक्कर हो गयी.टक्कर इतनी न जबरदस्त थी कि सैन्ट्रो कार के परखच्चे उड़ गए और चालक सद्दाम हुसैन सहित उसपर सवार सभी शिक्षक घायल हो गए. प्रत्यक्षदर्शियों ने बताया कि टक्कर के बाद क्रेटा कार चालक अपनी गाड़ी घुमाकर फरार हो गया.घटना के बाद घटनास्थल पर चीखपुकार मच गयी. घटना की जानकारी मिलते ही आसपास के ग्रामीणों ने सभी घायलों कों इलाज के लिए रेफरल अस्पताल तरैया भर्ती कराया . घटना के बाद विद्यालय के शिक्षक भी तरैया पहुँचे एवं घायलों का हालचाल जाना.बताया जाता है कि शिक्षक चंदन कुमार का पैर टूट गया है वही गीतांजलि कुमारी, रिंकी कुमारी एवं चालक सद्दाम हुसैन की स्थिति गंभीर बतायी जा रही है. गंभीर स्थिति कों देखते हुए चिकित्सकों ने चारो कों छपरा रेफर कर दिया है.वही घटना की जानकारी मिलते ही स्थानीय पुलिस घटनास्थल पर पहुंच मामले की छानबीन में जुटी है.

## सारण में 07 अप्रैल को दिशा बैठक, सांसद राजीव प्रताप रूडी करेंगे अध्यक्षता

- समाहरणालय सभागार कक्ष में मंगलवार को दिशा की महत्वपूर्ण बैठक आयोजित
- बैठक की अध्यक्षता सारण सांसद राजीव प्रताप रूडी और सांसद जनार्दन सिंह सिग्रीवाल सह-अध्यक्ष
- दो सत्रों में आयोजित होगी बैठक, केंद्र एवं राज्य योजनाओं पर होगी विस्तृत चर्चा



**दैनिक खोज खबर/छपरा ।** सारण जिला के सर्वांगीण विकास को नई गति देने हेतु दिशा समिति की एक दिवसीय महत्वपूर्ण बैठक दिनांक 07 अप्रैल 2026 (मंगलवार) को सारण समाहरणालय के सभागार कक्ष में आयोजित की जाएगी। सारण सांसद सह पूर्व केंद्रीय मंत्री राजीव प्रताप रूडी की अध्यक्षता और सांसद जनार्दन सिंह सिग्रीवाल की सह-अध्यक्षता में यह महत्वपूर्ण बैठक आयोजित होगी।बैठक में महाराजगंज सांसद जनार्दन सिंह सिग्रीवाल, सोनपुर विधायक बिनय कुमार सिंह, छपरा विधायक छोटी कुमारी, मढ़ौरा विधायक जितेंद्र राय, अमनौर विधायक मंटू सिंह सहित जिले के सभी जनप्रतिनिधि भाग लेंगे। साथ ही जिलाधिकारी वैभव श्रीवास्तव, पुलिस अधीक्षक विनीत कुमार एवं विभिन्न विभागों के वरीय अधिकारी, अंचलाधिकारी, प्रखंड विकास पदाधिकारी तथा प्रशासनिक तंत्र के अन्य अधिकारी भी उपस्थित रहेंगे। बैठक का प्रथम सत्र प्रातः 11.00 बजे से दोपहर 2.00 बजे तक आयोजित होगा, जिसमें केंद्र प्रायोजित योजनाओं की गहन समीक्षा एवं विस्तृत विमर्श किया जाएगा। वहीं द्वितीय सत्र दोपहर 2.30 बजे से शाम 7.00 बजे तक चलेगा, जिसमें राज्य सरकार एवं प्रखंड स्तर पर संचालित योजनाओं की प्रगति, क्रियान्वयन एवं चुनौतियों पर व्यापक चर्चा की जाएगी।इस अवसर पर पंचायत राज, शिक्षा, स्वास्थ्य, कृषि, सिंचाई, बिजली, सड़क, रेलवे, शहरी विकास, जल जीवन मिशन, आयुष्मान भारत, प्रधानमंत्री आवास योजना सहित विभिन्न जनकल्याणकारी योजनाओं की स्थिति का सूक्ष्म अवलोकन किया जाएगा। साथ ही पूर्व बैठकों के अनुपालन प्रतिवेदन की समीक्षा कर नई योजनाओं एवं आवश्यक प्रस्तावों पर भी विचार किया जाएगा। सांसद रूडी ने कहा कि दिशा समिति की यह बैठक विकास की दिशा में एक सशक्त एवं निर्णायक कदम है, जहां योजनाओं के प्रभावी क्रियान्वयन, पारदर्शिता एवं जनसरोकारों को केंद्र में रखते हुए ठोस निर्णय लिए जाएंगे।

## जेपी सेनानी शारदानंद सिंह की 75वीं जयंती श्रद्धा व उत्साह के साथ मनी

**शारदानंद सिंह की जयंती पर प्रतिमा स्थापना की रखी गई आधारशिला**



**दैनिक खोज खबर/मांझी (सारण)।** मांझी प्रखंड के बरवां नया टोला में रविवार को समाजवाद के प्रखर प्रहरी व जेपी सेनानी शारदानंद सिंह की 75वीं जयंती श्रद्धा व उत्साह के साथ मनाई गई। इस अवसर पर उनकी स्मृति में प्रतिमा स्थापना की आधारशिला रखी गई, जिसका शुभारंभ महाराजगंज सांसद जनार्दन सिंह सिग्रीवाल एवं कुंवर वाहिनी के राष्ट्रीय अध्यक्ष जितेंद्र स्वामी ने संयुक्त रूप से किया। कार्यक्रम की शुरुआत उनके चित्र पर पुष्पांजलि अर्पित कर की गई। आयोजन में बड़ी संख्या में ग्रामीणों, युवाओं व सामाजिक कार्यकर्ताओं की उपस्थिति रही। सभा को संबोधित करते हुए सांसद जनार्दन सिंह सिग्रीवाल ने कहा कि शारदानंद सिंह का जीवन संघर्ष, समर्पण और समाज सेवा का अद्वितीय उदाहरण है तथा वे हमेशा गरीबों और वंचितों की आवाज बने रहे। पूर्व सांसद वीरेंद्र सिंह मस्त ने उन्हें सिद्धांतों पर अडिग रहने वाला व्यक्तित्व बताते हुए युवाओं के लिए प्रेरणास्त्रोत बताया। वक्ताओं ने जयप्रकाश नारायण के नेतृत्व में हुए संपूर्ण क्रांति आंदोलन में उनकी सक्रिय भूमिका को याद करते हुए कहा कि आज के समय में उनके आदर्श और भी प्रासंगिक हैं। कार्यक्रम की अध्यक्षता कामरेड अरुण सिंह ने की। इस मौके पर एमएलसी डॉ. बीरेंद्र नारायण यादव, मुखिया अभिषेक कुमार सिंह, ब्रजेश कुमार सिंह, शिक्षक नेता दिनेश कुमार सिंह, प्रो. ओमप्रकाश सिंह, लगनदेव तिवारी, मकेश्वर सिंह, विक्रम कुंवर, रघुवंश सिंह उर्फ फूल सिंह, सुमन गिरी ,अमित कुमार समेत कई गणमान्य लोगों ने अपने विचार रखे और समाज में उनके सिद्धांतों को अपनाने का संकल्प लिया गया।

## ज्वेलरी दुकानों की सुरक्षा को लेकर दुकानदारों की अहम बैठक आयोजित

**दैनिक खोज खबर/सोनपुर।** वरीय पुलिस अधीक्षक सारण के निर्देश के आलोक में रविवार को हरिहरनाथ थाना परिसर में ज्वेलरी दुकानदारों के साथ एक महत्वपूर्ण बैठक आयोजित की गई। बैठक की अध्यक्षता थानाध्यक्ष विमलेश कुमार ने की। इस दौरान थाना क्षेत्र के सभी प्रमुख आभूषण व्यवसायी मौजूद रहे।



बैठक का मुख्य उद्देश्य बढ़ते अपराध को देखते हुए ज्वेलरी दुकानों की सुरक्षा व्यवस्था को मजबूत करना था। थानाध्यक्ष विमलेश कुमार सिंह ने दुकानदारों को सुरक्षा के प्रति सतर्क रहने की सलाह देते हुए कई आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। उन्होंने सभी दुकानों में उच्च गुणवत्ता वाले छ्ष्ट्ट्रञ्जङ्क कैमरे लगाने, अलार्म सिस्टम को सक्रिय रखने तथा दुकान के अंदर और बाहर समुचित रोशनी की व्यवस्था सुनिश्चित करने पर विशेष जोर दिया।इसके साथ ही पुलिस ने दुकानदारों को यह भी निर्देश दिया कि वे अपने प्रतिष्ठान में आने-जाने वाले संदिग्ध व्यक्तियों पर नजर रखें और किसी भी प्रकार की संदिग्ध गतिविधि की जानकारी तुरंत स्थानीय थाना को दें। बैठक में यह भी कहा गया कि सुरक्षा में लापरवाही बरतने पर भविष्य में कार्रवाई की जा सकती है।थानाध्यक्ष विमलेश कुमार ने भरोसा दिलाया कि पुलिस प्रशासन क्षेत्र में शांति एवं सुरक्षा बनाए रखने के लिए पूरी तरह प्रतिबद्ध है। उन्होंने कहा कि पुलिस और आम नागरिकों के सहयोग से ही अपराध पर प्रभावी नियंत्रण पाया जा सकता है। बैठक के अंत में दुकानदारों ने पुलिस प्रशासन के इस पहल की सराहना की और सुरक्षा मानकों का पालन करने का आश्वासन दिया। मौके पर जवेलरी दुकानदार मौजूद रहे जिसमे रोशन कुमार कामेश्वर प्रसाद राकेश कुमार पवन कुमार रमेश कुमार प्रमोद कुमार राजेश जितेंद्र संतोष दिनेश राकेश सहित दर्जनों लोग मौजूद रहे।

## शराब तस्करों के खिलाफ कार्रवाई

**दैनिक खोज खबर/मांझी(सारण)।** मांझी थाना पुलिस ने शराब तस्करों के खिलाफ बड़ी कार्रवाई की है। पुलिस ने रविवार को वाहन जांच के दौरान ताजपुर एकमा मुख्य मार्ग से लगभग 86 लीटर अंग्रेजी शराब बरामद की है तथा तस्करी में प्रयुक्त एक बाइक भी जब्त की है। वाहन जांच के दौरान तस्कर मौके का फायदा उठाकर फरार हो गया। इस सम्बन्ध मे पूछे जाने पर थानाध्यक्ष विनोद कुमार ने बताया कि रविवार को ताजपुर पुलिस पिकेट प्रभारी और पुलिस बल द्वारा वाहन जांच अभियान चलाया जा रहा था। इसी दौरान उनकी नजर बोरे से लदी एक संदिग्ध बाइक पर पड़ी। पुलिस ने उसे रुकने का इशारा किया हालांकि पुलिस को देखते ही बाइक पर सवार दोनो तस्कर बाइक छोड़कर भागने में सफल रहे। बाद में पुलिस ने बाइक पर लदे बोरे की तलाशी ली जिसमें कुल 86 लीटर अंग्रेजी शराब बरामद की गई। पुलिस द्वारा बरामद बाइक मालिक पर प्राथमिकी दर्ज कर अग्रतर कार्रवाई की जा रही है।

## आगलगी में दो फुसनुमा घर जलकर हुआ नष्ट

**दैनिक खोज खबर/मढ़ौरा (सारण)।** थाना क्षेत्र के धरमौली गांव में रविवार को अचानक लगी भीषण आग में दो फूसनुमा घर जलकर पूरी तरह राख हो गया। इस अगलगी की घटना में घरों में रखे फर्नीचर, साइकिल, कपड़े तथा नकद समेत हजारों रुपये मूल्य की संपत्ति नष्ट हो गई। घटना की सूचना मिलते ही ग्रामीणों ने तत्परता दिखाते हुए अग्निशमन विभाग को सूचित किया। सूचना पर पहुंची अग्निशमन की टीम ने काफी मशक्कत के बाद आग पर काबू पा लिया। जिससे आसपास के अन्य घरों को नुकसान से बचा लिया गया। बताया जाता है कि इस अगलगी में धर्मौली निवासी रामनाथ राय और छबिला राय का फुसनुमा घर जलकर नष्ट हो गया।

## क्विज कांटेस्ट के विजयी प्रतिभागियों को सम्मानित किया गया



**दैनिक खोज खबर/जलालपुर (सारण)** देवरिया स्थित योगी बाबा परिसर में रविवार को आयोजित विशेष क्विज कांटेस्ट के विजयी प्रतिभागियों को मुख्य अतिथि इंजीनियर ललित कुमार सिंह ने सम्मानित किया।उन्होंने युवा प्रतिभागियों से कहा कि आज एआई तथा चैट जीपीटी का जमाना है। इससे युवा अपनी किसी भी जिज्ञासा को तृप्त कर सकते हैं। उन्होंने ई केवाईसी के बारे में भी चर्चा की। उन्होने क्विज क्लब के छब्बीस वर्षों के इतिहास और सैकड़ो युवाओ को मिले नौकरी की सराहना की।उन्होने प्रतिभागियों से कहा कि मोबाइल पर रील से प्रतियोगियो को दूरी बनानी चाहिए।कार्यक्रम का संचालन क्विज कांटेस्ट के आयोजक अखिलेश्वर पांडेय ने किया।कार्यक्रम में पांच दर्जन से अधिक प्रतिभागियों को मेडल पेन प्रतियोगी पुस्तके देकर सम्मानित किया गया। कार्यक्रम में पूर्व मुखिया विनोद कुमार सिंह, राहुल कुमार सिंह, पवन कुमार सिंह, प्रिंस यादव,दलन यादव,चंदन तिवारी, गुड्डू गुप्ता,अमन कुमार शर्मा कविता कुमारी सहित दर्जनों अन्य भी थे।

## बिहार हैंडबॉल संघ की वार्षिक बैठक में लिए गए कई महत्वपूर्ण निर्णय

**इंटर स्कूल से लेकर राज्य स्तरीय प्रतियोगिता के आयोजन पर सहमति**

**दैनिक खोज खबर/पटना।** बिहार हैंडबॉल संघ का वार्षिक आम बैठक रविवार को पटना के बेली रोड सगुना मोड अवस्थित कैफे हाइड आउट के सभागार में सम्पन्न हुआ । बैठक की अध्यक्षता बिहार हैंडबॉल संघ के अध्यक्ष पंकज कुमार ने किया। जबकि संचालन एवं वार्षिक प्रतिवेदन महासचिव ब्रजकिशोर शर्मा ने प्रस्तुत किया। बैठक में कोषाध्यक्ष त्रिपुरारी प्रसाद ने वर्ष 2025 - 26 के आय व्यय का ब्यौरा प्रस्तुत किया जिसे सर्वसम्मति से अनुमोदन प्राप्त हुआ । बैठक में वार्षिक संबद्धता शुल्क , नए सत्र में इंटर स्कूल जोनल एवं राज्य प्रतियोगिता के आवंटन सहित कई अन्य विषय पर सर्वसम्मति से निर्णय लिया गया। सरकार के नई खेल नीति के तहत फेडरेशन से प्राप्त गाइड लाइन के अनुसार सभी



जिला इकाई को अपने मतदाता सूची के आधार पर चुनाव अधिकारी एवं राज्य संघ के प्रेक्षक की उपस्थिति में चुनाव करा उसका प्रतिवेदन समय से राज्य संघ को उपलब्ध कराने को कहा गया। खिलाड़ियों का ऑनलाइन निबंधन एवं ग्रीष्मावकाश में सभी जिला को खिलाड़ियों के लिए प्रशिक्षण शिविर लगाने पर सहमति बनी । बैठक में बिहार हैंडबॉल कार्यकारिणी के पदाधिकारी , सभी जिला सचिव एवं अध्यक्ष के अलावे राष्ट्रीय सीनियर खिलाड़ी शामिल हुए । बैठक में शामिल होने वालों में मुख्य रूप से इंजीनियर अशोक कुमार सिंह, पूर्व विधानपार्षद दिलीप कुमार यादव, संजय कुमार सिंह , आचार्य गोपाल जी , आलोक कुमार , विनय कुमार , रविन्द्र सिंह , राधा कुमारी , कमल किशोर, विजय प्रताप सिंह, दीपक रंजन , आशीष कुमार, संतोष कुमार, मो इमरान, मुकेश झा, चंदन कुमार, रितेश कुमार सिंह, संजीव कुमार, अभिषेक कुमार सिंह, कुणाल चौधरी, कमलेश कुमार, हर्षवर्धन सिंह सहित अन्य उपस्थित रहे। धन्यवाद ज्ञापन पटना जिला हैंडबॉल अध्यक्ष इंजीनियर अशोक कुमार सिंह ने किया।

## हरिहरनाथ-मुक्तिनाथ यात्रा को लेकर प्रचार रथ क़ो झंडी दिखाकर किया गया रवाना

**दैनिक खोज खबर/सोनपुर।** हरिहरनाथङ्कमुक्तिनाथ सांस्कृतिक यात्रा के सफल आयोजन को लेकर रविवार के संकट मोचन हनुमान मंदिर परिसर से विधिवत पूजन के उपरांत भगवा झंडा दिखाकर क्षेत्र के लिए रवाना किया गया। यह रथ सोनपुर के विभिन्न गांवों और शहरों में भ्रमण कर श्रद्धालुओं को यात्रा से जोड़ने तथा अधिक से अधिक संख्या में श्रद्धालु भक्तों का इस कार्यक्रम मे सहभागिता हो जिसके लिए प्रेरित करेगा। इस यात्रा का मुख्य उद्देश्य है कि भारत और नेपाल का जो पौराणिक इतिहास है और जो हमारा पुराना संबंध है वह सदैव बना रहे साथ ही यात्रा में भारत और नेपाल के श्रद्धालु भक्तों का आत्मीय संबंध बना रहे. आयोजन समिति द्वारा दी गई जानकारी के अनुसार यह पवित्र यात्रा 13 अप्रैल 2026 से प्रारंभ होगी। 13 अप्रैल, दिन सोमवार को सोनपुर काली घाट पर धर्मसभा एवं भव्य नारायणी महाआरती का आयोजन किया जाएगा। गणमान्य व्यक्ति उपस्थित रहेंगे। कार्यक्रम के दौरान देश के प्रख्यात कलाकारों द्वारा भव्य सांस्कृतिक कार्यक्रम भी प्रस्तुत किए जाएंगे, जो श्रद्धालुओं के लिए आकर्षण का केंद्र होंगे। इसके उपरांत 14 अप्रैल को हरिहरनाथ मंदिर से विधिवत रूप से यात्रा का शुभारंभ किया जाएगा। यह शोभा यात्रा विभिन्न पड़ावों से होते हुए 18 अप्रैल को मुक्तिनाथ मंदिर, नेपाल पहुँचेगी, जहाँ श्रद्धालु पूजा-अर्चना करेंगे।आयोजन समिति ने सभी श्रद्धालुओं से अपील की है कि वे इस भव्य




कार्यक्रम एवं पवित्र यात्रा में अधिक से अधिक संख्या में शामिल होकर पुण्य के भागी बनें। यात्रा में मुख्य रूप से बिनोद सिंह सम्राट सोनपुर नगर उपाध्यक्ष, अजीत कुमार यात्रा संयोजक, डॉ. आशुतोष कुमार महासचिव, राजेन्द्र गुप्ता जी बिहार विधानपार्षद,संजय सरावगी भाजपा प्रदेश अध्यक्ष, संतोष सिंह पूर्व मंत्री बिहार सरकार, जीवन जी बिहार विधानपार्षद, गोपाल नारायण सिंह पूर्व राज्यसभा, सांसद, आचार्य रौशन कुमार पाण्डेय, यशवंत कुमार के साथ सैकड़ो श्राद्धलु भक्त उपस्थित रहे।

## राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ प्रशिक्षण का हुआ समापन

**दैनिक खोज खबर/डोरीगंज (सारण)।** अवतारनगर थाना अंतर्गत शीतल सिंह सरस्वती शिशु मंदिर धनौरा के प्रांगण में राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ का प्राथमिक शिक्षा वर्ग एवं प्रारंभिक शिक्षा वर्ग प्रशिक्षण का समापन भारत माता के सामने 151 द्वीप जलाकर महाआरती करके एवं सुबह के बौद्धिक कार्यक्रम के साथ समापन हुआ। प्राथमिक वर्ग एवं प्रारंभिक शिक्षा वर्ग के करीब 175 प्रशिक्षणार्थियों ने राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के शिविर में भाग लेकर समाज एवं राष्ट्र के विकास एवं रक्षा का संकल्प लिया। शिविर में गरखा खंड कारवाहक के रूप में अभिमन्यु कुमार सिंह के साथ अन्य सेवकों को दायित्व प्रदान किया गया।प्रशिक्षण शिविर के समापन समय में शिशु मंदिर धनौरा के पुरातन छात्र संघ द्वारा प्रशिक्षण शिविर में आएं दर्जनों पदधारकों को राकेश कुमार सिंह द्वारा स्मृति चिन्ह स्वरुप डायरी एवं कलम देकर सम्मानित किया गया। जिला प्रचारक महेश जी द्वारा अपने बौद्धिक सम्बोधन के द्वारा सभी प्रशिक्षणार्थियों को राष्ट्र की सेवा,समाज के उत्थान हेतु अपने को समर्पित करने के साथ हिंदूत्व की भावना को समाज में आगे बढ़ाने पर बल दिया गया।इस प्रशिक्षण शिविर में जिला प्रचारक महेश कश्यप, जिला कार्यवाह संजीव चौबे, जिला प्रचार प्रमुख मिथलेश जी,सदर खंड कार्यवाह पंकज सिंह, जलालपुर खंड कार्यवाह अमरेंद्र सिंह, मशरख खंड कार्यवाह दिवाकरजी, भाजपा के वरिष्ठ नेता मनोज सिंह उर्फ पप्पू भैया,महेश जी,अमीत कुमार सिंह, प्रधानाचार्य कृष्ण गोपाल,पूर्व प्रधानाचार्य सदानंद सिंह, सचिव अरविंद सिंह, पूर्व छात्र एवं शिक्षक नेता राकेश कुमार सिंह सचिंद्रजी, सोमनाथजी, मिथलेश जी, अवकाश प्राप्त सैनिक तेजनरायण सिंह,रमेश सिंह, राजेश सिंह मुख्य रूप से सामिल रहे।

# छपरा में राजकीयकृत प्राथमिक शिक्षक संघ का 13वां जिला सम्मेलन संपन्न

**दैनिक खोज खबर/जलालपुर(सारण)।** छपरा मे रविवार को बिहार राजकीयकृत प्राथमिक शिक्षक संघ की जिला इकाई, सारण का 13वां जिला सम्मेलन छपरा नगर के राजेंद्र कॉलेज स्थित वरिष्ठ नागरिक कल्याण परिषद परिसर में संपन्न हुआ। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि बिहार विधानसभा के विभूतिपुर (समस्तीपुर) के विधायक कामरेड अजय कुमार रहे, जबकि विशिष्ट अतिथि के रूप में बिहार राज्य अराजपत्रित कर्मचारी महासंघ के महामंत्री सुबेश सिंह शामिल हुए।

सम्मेलन के खुले सत्र का उद्घाटन श्रमिक नेता राजेंद्र सिंह ने किया। उन्होंने संगठन के कार्यकलापों पर विस्तार से प्रकाश डालते हुए शिक्षकों की एकजुटता पर जोर दिया। वहीं, विशिष्ट अतिथि के रूप में उपस्थित संघ के प्रदेश महासचिव तसौवर हुसैन ने संगठन की ईमानदारी, कर्मठता एवं शिक्षकों के प्रति कर्तव्यपरायणता की सराहना की।इस अवसर पर संगठन के प्रदेश अध्यक्ष उदय शंकर गुड्डू ने कहा कि सभी कोटि के शिक्षकों की लंबित मांगों की लड़ाई को संघ मजबूती से मंजिल तक पहुंचाएगा। उन्होंने कहा कि कठिन परिस्थितियों में संगठन की बागडोर संभालने के बावजूद साथियों के सहयोग से संगठन को नई ऊंचाइयों तक ले जाने में सफलता मिली है।कार्यक्रम की शुरुआत ध्वजारोहण एवं अमर शहीदों को श्रद्धांजलि के साथ हुई। इसके बाद मुजफ्फरपुर से आई सांस्कृतिक टीम 'विकल्प' ने समसामयिक गीत प्रस्तुत कर माहौल को सांस्कृतिक और प्रेरणादायक बना दिया, जिसे उपस्थित लोगों ने खूब सराहा।विशिष्ट अतिथि के



रूप में मौजूद बिहार राज्य अराजपत्रित कर्मचारी महासंघ के महामंत्री सुबेश सिंह ने कहा कि वर्तमान सरकार की नीतियां शिक्षक एवं कर्मचारियों के हितों के विरुद्ध हैं। उन्होंने पुरानी पेंशन व्यवस्था समाप्त करने समेत अन्य नीतियों की आलोचना करते हुए कहा कि शिक्षक-कर्मचारी इन निर्णयों से परेशान हैं। ऐसी स्थिति में संगठन की मजबूती ही समाधान का रास्ता है और इसके लिए सभी को एकजुट होकर संघर्ष करना होगा।मुख्य अतिथि विधायक अजय कुमार ने अपने संबोधन में कहा कि शिक्षकों की समस्याओं के समाधान के लिए वे सदैव उनके साथ खड़े हैं और उनके अधिकारों की लड़ाई को हर स्तर पर उठाते रहेंगेवहीं बिहार राज्य अराजपत्रित कर्मचारी महा संघ के महामंत्री सुबेश सिंह ने कहा कि मौजूदा परिस्थिति में अपने हक और अधिकार की लड़ाई के लिए शिक्षकों एवं कर्मचारियों को एक जुट होकर लड़ना होगा चाहे श्रमिक कोड बिल का मामला हो या पुरानी पेंशन का मौके पर कार्यक्रम को अराजपत्रित कर्मचारी महासंघ के उपेन्द्र नाथ पांडेय , शंकर प्रसाद राय ,सुनील तिवारी ,अधिवक्ता अभिषेक रंजन ,सुरेंद्र सौरभ आदि ने संबोधित किया सम्मेलन उपरांत जिला एवं प्रमंडल स्तरीय पदाधिकारियों का चुनाव सम्पन्न हुआ जो निम्न वत है सारण जिल कमिटी में अध्यक्ष पद पर डॉ राजेश कुमार यादव , उपाध्यक्ष गौतम प्रसाद सिंह ,अजय यादव ,ब्रजेश कुमार सिंह ,प्रधान सचिव संजय सिंह , सचिव सह मीडिया प्रभारी अमित प्रकाश ,संयुक्त सचिव अल्पना मिश्रा ,संगठन सचिव राम बाबू राम ,कोषाध्यक्ष मिंटू प्रसाद ,कार्यालय सचिव शैलेश मोहन पांडेय निर्वाचित हुए .वही प्रमंडलीय अध्यक्ष उमेश प्रसाद यादव ,सचिव प्रभुनाथ राय ,उपाध्यक्ष सह कोषाध्यक्ष प्रभुनाथ पंडित निर्वाचित हुए।.

## महाराणा प्रताप चौंक पर ऑटो की टक्कर से बाइक सवार घायल

**दैनिक खोज खबर/मशरक (सारण)।** मशरक के महाराणा प्रताप चौंक पर अनियंत्रित ऑटो की टक्कर में बाइक सवार को 112 टीम ने सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र मशरक में भर्ती कराया। घायल इसुआपुर थाना क्षेत्र के सहवा गांव निवासी हरिहरनाथ उपाध्याय का 30 वर्षीय पुत्र मनीष कुमार उपाध्याय हैं। बताया गया कि वे मशरक बाजार आए थे कि अनियंत्रित ऑटो ने टक्कर मार दी जिसमें वे घायल हो गए। ड्यूटी पर तैनात चिकित्सक ने प्राथमिक उपचार किया।

## मशरक जंक्शन रेलवे स्टेशन के बाहर सड़क पर ऑटो रिक्शा का अतिक्रमण, यात्री परेशान

**दैनिक खोज खबर/मशरक (सारण)।** मशरक जंक्शन रेलवे स्टेशन के बाहर सड़क पर ऑटो व ई रिक्शा और ठेला खोमचा वालों के अतिक्रमण के कारण रोजाना जाम की समस्या बनी रहती है। सुबह और शाम के समय स्थिति और भी खराब हो जाती है, जब बड़ी संख्या में यात्री स्टेशन पर आते-जाते हैं। ऑटो चालकों द्वारा सड़क के किनारे और मुख्य मार्ग पर मनमाने ढंग से वाहन खड़े कर देने से यातायात बाधित हो जाता है, जिससे यात्रियों और स्थानीय लोगों को काफी परेशानी का सामना करना पड़ता है। कुछ यात्रियों की ट्रेन छूट भी जाती है। यात्रियों का आरोप है कि कई बार इस समस्या की शिकायत प्रशासन से की गई लेकिन अब तक कोई ठोस कार्रवाई नहीं की गई है। यात्री राकेश कुमार ने बताया कि सुबह के समय स्टेशन के बाहर इतना जाम लग जाता है कि कई बार पैदल निकलना भी मुश्किल हो जाता है। ऑटो और ई-रिक्शा चालकों ने सड़क को ही स्टैंड बना लिया है, जिससे हर दिन परेशानी होती है। स्टेशन के पास लगने वालें बाजार की ठेला की दुकानें सड़क पर ही लगा दी जाती है। स्थानीय ग्रामीणों ने बताया कि रेलवे को वाहनों को खड़ा करने के लिए जगह का चयन करना चाहिए, जबकि सड़क पर खड़ा करने से रेल यात्रियों को तो छोड़िए स्थानीय लोगों को भी आने जाने में परेशानी होती है। बहरौली गांव निवासी मनीष गुप्ता का कहना है कि शाम के समय स्थिति और खराब हो जाती है। सड़क पर चारों तरफ ऑटो और भूजा,पकौड़ी,अंडा और सतुआ बेचने वाले ठेला खड़े रहते हैं और उनसे जाम लगने के कारण यात्रियों को स्टेशन के सर्कुलेटिंग एरिया तक पहुंचने में दिक्कत होती है। यदि सर्कुलेटिंग एरिया में पहुंच भी गए और जब तक टिकट ले तब तक ट्रेन छूट जाती है। दैनिक यात्री दीपक का कहना है कि कई बार ट्रेन का समय हो जाता है, लेकिन जाम के कारण स्टेशन तक पहुंचने में देर हो जाती है। स्थानीय निवासी विजय महंतों का कहना है कि आरपीएफ ऑटो चालकों को निर्धारित स्थान पर ही खड़ा करें, तो जाम की समस्या काफी हद तक कम हो सकती है और यात्रियों को परेशानी का सामना नहीं करना पड़ेगा। पूर्व मुखिया प्रतिनिधि अमर सिंह ने कहा कि जंक्शन का भवन और सर्कुलेटिंग एरिया तो भव्य बन रहा है जरूरी है रेल स्टेशन को जोड़ने वाले सड़कों का चौड़ीकरण और रेलवे की जमीन से अतिक्रमण हटाना।

## सरकारी अस्पताल में बच्ची के जन्म पर वसूली गयी बधाई

**दैनिक खोज खबर/मशरक (सारण)।** मशरक सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में डिलेवरी के लिए आई गर्भवती महिला के प्रसव उपरांत नगदी वसूलने का मामला सामने आया। पीड़ित ने इसकी शिकायत अस्पताल प्रशासन से दर्ज कराई। जबकि सरकारी अस्पताल में सरकार के तरफ से सारी सुविधाएं निःशुल्क उपलब्ध कराई जाती है। पीड़ित के परिजन सेमरी गांव निवासी राजेंद्र रावत ने बताया कि उनकी पतोह जो गर्भवती थी उसको प्रसव के लिए सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र मशरक में 4 अप्रैल को भर्ती कराया गया जहां सुबह में बच्ची का जन्म हुआ, जन्म के उपरांत कार्यरत महिला स्वास्थ्य कर्मियों ने बधाई के नाम पर रूपये की मांग की और उनसे जबरदस्ती 500 रूपये वसूलें गये और पतोहू के साथ आए परिजनों से भी 50-50 रूपये वसूलें गये। उन्होंने बताया कि उनके परिवार की आर्थिक स्थिति कमजोर है सरकारी अस्पताल में निःशुल्क प्रसव के लिए आए थें पर क्या जानें कि यहां भी रूपये का भुगतान करना पड़ेगा। आपकों बता दें कि बीते दिनों पहले भी एक महिला स्वास्थ्य कर्मी के द्वारा व्हाट्सप्प पर रूपये लेने का मामला वायरल हुआ, लेकिन मामला ले देकर सलटा लिया गया। जब इस मामले में जानकारी ली गई तों पता चला कि उक्त दिन भी ड्यूटी पर वहीं महिला स्वास्थ्य कर्मी ड्यूटी पर तैनात थी। स्थानीय रंजन कुमार सिंह ने बताया कि इस सरकारी अस्पताल में प्रसव के लिए आए सभी को कुछ न कुछ सेवा शुल्क बधाई के रूप में दी जाती है,जब पता किया जाता है तो पता चलता है कि चढ़ावा अधिकारी तक जाता है। शिकायत के बाद भी कोई कार्रवाई नहीं होती। वहीं अस्पताल में कार्यरत एक कर्मचारी ने नाम नहीं छापने पर बताया कि डिलेवरी कक्ष में कुछ कर्मचारियों का अघोषित कब्जा हैं जिनको बड़े प्रभाव का संरक्षण प्राप्त है। जदयू नेता मुकेश कुमार सिंह ने बताया कि बधाई शुल्क मांगने वाले तों यहां तक धौंस दिखाते हैं कि आपकों कुछ घर से थोड़े ही देना है आप यदि प्राइवेट अस्पताल में जाते तों मोटी रकम खर्च करनी पड़ती,जो यहा बच रहीं हैं। उन्होंने डीएम सारण और सिविल सर्जन से इस घोर निंदनीय कृत्य पर रोक लगाने की मांग की और वैसे कर्मचारियों पर अनुशासनिक कार्यवाही करने की मांग की। मामले में प्रभारी डॉ अनंत नारायण कश्यप ने बताया कि मामले की जानकारी उन्हें नहीं है जांच पड़ताल कर रहें यदि ऐसा मामला सामने आता है तों उक्त स्वास्थ्य कर्मी पर विधि सम्मत कार्रवाई की जाएंगी।

## बिहार पेंशनर समाज की विस्तारित बैठक सम्पन्न, कई महत्वपूर्ण प्रस्ताव पारित

**दैनिक खोज खबर/दरियापुर (सारण)** अंचल इकाई की विस्तारित बैठक रविवार को सुतिहार पोस्ट ऑफिस भवन में संघ के अध्यक्ष राजकुमार सिंह की अध्यक्षता में सम्पन्न हुई। बैठक में सामाजिक एवं आर्थिक मुद्दों पर विस्तार से चर्चा करते हुए वक्ताओं ने वरिष्ठ नागरिकों से जुड़ी समस्याओं और उनके समाधान पर अपने विचार रखे।बैठक के दौरान अंचल इकाई के वरिष्ठतम सदस्यों को संघ के अध्यक्ष एवं सचिव द्वारा अंगवस्त्र प्रदान कर सम्मानित किया गया।सभा में सर्वसम्मति से प्रस्ताव पारित कर बिहार सरकार से मांग की गई कि सुतिहार स्थित दुर्गा उच्चतर माध्यमिक विद्यालय को मॉडल विद्यालय बनाने के बजाय यहां डिग्री कॉलेज की स्थापना की जाए, ताकि क्षेत्र की लंबे समय से चली आ रही जन मांग पूरी हो सके। वक्ताओं ने कहा कि यह विद्यालय डिग्री कॉलेज के सभी आवश्यक मानकों को पूरा करता है।वरिष्ठ नागरिकों को गैस सिलेंडर प्राप्ति के लिए कराए जा रहे केवाईसी कार्य हेतु अलग से विशेष व्यवस्था किए जाने की भी मांग की गई, जिससे बुजुर्गों को अनावश्यक परेशानी का सामना न करना पड़े।बैठक में अंतरराष्ट्रीय शांति का समर्थन करते हुए प्रस्ताव पारित किया गया कि युद्ध किसी भी समस्या का स्थायी समाधान नहीं है, इसलिए इसे समाप्त किया जाना चाहिए।इसके साथ ही केंद्र सरकार, राज्य सरकार एवं निजी संस्थानों में कार्यरत सभी स्तर के कर्मचारियों के लिए पुरानी पेंशन योजना को अविलंब लागू करने की मांग उठाई गई। साथ ही यह भी प्रस्ताव रखा गया कि जब तक आठवां वेतन आयोग लागू नहीं होता, तब तक वेतन एवं पेंशन में महंगाई भत्ता को मूल वेतन में मर्ज कर उस पर पुनः डीए एवं मेडिकल सुविधा लागू की जाए।बैठक को संघ के पूर्व अंचल अध्यक्ष डॉ. के. एन. सिंह, वर्तमान सचिव जयनन्दन प्रसाद, नन्दकिशोर शर्मा, भारद्वाज, राजेन्द्र पाण्डे तथा आनन्द कुमार तिवारी सहित कई वक्ताओं ने संबोधित किया।अंत में धन्यवाद ज्ञापन के साथ बैठक का समापन किया गया।

## नदी में एक युवक के स्नान करने के दौरान डूबने से इलाज के दौरान हुई मौत

**दैनिक खोज खबर/सोनपुर।** पहलेजा घाट दक्षिण वाहिनी गंगा नदी में वैशाली जिले के हाजीपुर के रहने वाला एक 20 वर्षीय करीब युवक गंगा नदी में रविवार के स्नान करने के दौरान वह डूब गया। इस घटना के बाद घाट पर के लोगों व युवक के परिजनों में हाहाकार मच गया। जहां उपस्थित लोगों ने आनंन -फानन में डूबे युवक को भारी मशक्कत के बाद निकालने के उपरांत उसकी नाजुक हालत देखकर घर के परिजनों ने रोते बिलखते उसे पटना के निजी अस्पताल में भर्ती कराया गया. युवक अपने दादी और मां के साथ पहलेजा घाट गंगा नदी में स्नान करने और गंगाजल ले जाने के लिए यहां आया था। इस घटना की जानकारी देते हुए पहलेजा थानाध्यक्ष अनुराधा कुमारी ने रविवार की शाम बताई की युवक अपने परिवार जनो के साथ पहलेजा घाट गंगा स्नान करने आया था इसी दौरान वह डूब गया जिससे उपस्थित लोगों ने भारी मशक्कत के बाद निकाला और उसे एक निजी अस्पताल में घर के परिजनों ने पटना में भर्ती कराया है जहां सूचना मिल रही है कि उसकी मृत्यु हों गयी है। मृतक का नाम, पता पूर्ण रूप से जानकारी नहीं है,जैसे ही जानकारी मिलती है या आवेदन प्राप्त होती है वैसे ही पुलिस आगे की कार्रवाई करेगी।

## वीडियो वायरल होने के साथ मढ़ौरा में चर्चाओं का बाजार गर्म

**दैनिक खोज खबर/मढ़ौरा (सारण)।** जदयू के प्रखंड अध्यक्ष का एक युवती के साथ का वीडियो वायरल होने के साथ मढ़ौरा में चर्चाओं का बाजार गर्म हो गया है। वायरल विडियो में जेडीयू के प्रखंड अध्यक्ष गामा सिंह उर्फ गामा सिंह एक युवती के साथ दिखते हैं। बाद में दोनों मौके से भागते भी नजर आते है। दैनिक खोज खबर इस विडियों की पुष्टि नही करता है लेकिन तेजी से वायरल होते इस विडियो ने मढ़ौरा में सरगर्मी बढ़ा दी है। वायरल विडियों में यह दावा किया गया है कि दोनों आपत्तिजनक अवस्था में देखे गए और जब लोगों ने उन्हें रंगे हाथ पकड़ा तो वे दोनों भागने लगे।? घटना की कुछ लोगों ने विडियों बना ली और इसे सोशल मीडिया पर वायरल कर दिया । मामले में जदयू अध्यक्ष गामा सिंह ने कहा कि गलत तरिके से विडियों को वायरल कर उन्हे बदनाम करने का प्रयास किया गया है। रविवार को मीडिया के सामने बोलते हुए गामा सिंह ने वे गेहूं कटनी के लिए खेत की ओर गए थे। एक लड़की के साथ कुछ युवक छेड़खानी का प्रयास कर रहे थे। इसी दौरान का युवकों ने एक विडियों बनाकर वायरल कर दिया गया है जो गलत है?। वही वायरल विडियों में दिख रही युवती ने भी सामने आकर कहा है कि उसके साथ छेड़खानी करने की नीयत रखने वालों ने गलत तरीके से वीडियो बनाकर उसे सोशल मीडिया पर वायरल कर दिया है।

## साइकिलों से टकराकर बाइक चालक गम्भीर रूप से जख्मी

**दैनिक खोज खबर/मांझी(सारण)।** मांझी ताजपुर मुख्य मार्ग पर फतेहपुर गांव के समीप रविवार की देर शाम तीन साइकिलों से टकराकर बाइक चालक गम्भीर रूप से जख्मी हो गया। मौके पर मौजूद ग्रामीणों ने जख्मी बाइक चालक को मांझी सीएचसी में एडमिट करा दिया। हालांकि बाद में चिकित्सकों ने जख्मी युवक को गम्भीर स्थिति में छपरा सदर अस्पताल रेफर कर दिया। जख्मी युवक दाउदपुर थाना क्षेत्र के बंगरा मठिया गांव निवासी यूनुस खान का पुत्र गुड्डू आलम बताया जाता है।

## मढ़ौरा नगर मंडल द्वारा कार्यकर्ता प्रशिक्षण शिविर आयोजित

**दैनिक खोज खबर/मढ़ौरा (सारण)।** भाजपा मढ़ौरा नगर मंडल द्वारा मां गढ़देवी मंदिर परिसर में पंडित दीनदयाल उपाध्याय कार्यकर्ता प्रशिक्षण शिविर का आयोजन किया गया। रविवार को कार्यक्रम में बड़ी संख्या में भाजपा कार्यकर्ताओं एवं पदाधिकारी ने भाग लिया । शिविर के दौरान पार्टी की संगठनात्मक मजबूती विचारधारा के विस्तार तथा आगामी राजनीतिक रणनीति को लेकर विस्तार से चर्चा की गई। वक्ताओं ने पंडित दीनदयाल उपाध्याय के अंत्योदय एवं एकात्मक मानववाद के सिद्धांतों को कार्यकर्ता के लिए मार्गदर्शन बताया। पार्टी के निर्देश पर भाजपा प्रदेश का समिति सदस्य मनोज सिंह के मार्गदर्शन में आयोजित कार्यक्रम में जिला उपाध्यक्ष श्रीनिवास सिंह, मंडल अध्यक्ष राकेश कुमार उजाला, पूर्व मंडल अध्यक्ष बलवीर सिंह, मंडल उपाध्यक्ष विश्वकर्मा सिंह, मंडल महामंत्री दिलीप राम, वार्ड अध्यक्ष राकेश सिंह, हरेंद्र सिंह शंभू सिंह, लोचन राम, भूषण ठाकुर, दीपक सिंह, उपाध्यक्ष प्रीतम सिंह, लाल बाबू, सुजीत सिंह, मोतीलाल सिंह, मुकेश सिंह, रामायण मिश्र, मनीष कुमार सहित कई प्रमुख कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

## रघुनाथपुर के फिरोजपुर गांव में कब्रिस्तान की घेराबंदी की मांग, राजद नेता अफ़ाक़ अहमद ने डीएम को सौंपा ज्ञापन



**परवेज अख्तर/सिवान।** जिले के रघुनाथपुर प्रखण्ड अंतर्गत फिरोजपुर गांव के सार्वजनिक कब्रिस्तान की घेराबंदी का मुद्दा अब तूल पकड़ने लगा है। बिहार प्रदेश राष्ट्रीय जनता दल (राजद) के अल्पसंख्यक प्रकोष्ठ के प्रदेश महासचिव, श्री अफ़ाक़ अहमद ने आज सीवान के जिला अधिकारी (डीएम) विवेक रंजन मैत्रेय से मुलाकात की और अपने पैतृक गांव फिरोजपुर के कब्रिस्तान की चहारदीवारी निर्माण कराने की पुरजोर मांग की।मुलाकात के दौरान श्री अफ़ाक़ अहमद ने जिला अधिकारी को अवगत कराया कि घेराबंदी न होने के कारण कब्रिस्तान की भूमि पर दिन प्रति दिन अतिक्रमण हो रहा है। साथ ही, खुला होने के कारण वहां आवारा पशुओं का जमावड़ा लगा रहता है, तथा नाली का गंदा पानी हर वक्त कब्रिस्तान में गिरता रहता हैं।जिससे कब्रिस्तान की पवित्रता और सुरक्षा प्रभावित हो रही है। उन्होंने जोर देकर कहा कि अल्पसंख्यक समुदाय के लिए यह एक संवेदनशील और भावनात्मक मुद्दा है, जिसका समाधान जल्द होना चाहिए।

**डीएम का आश्वासन**

जिला अधिकारी विवेक रंजन मैत्रेय ने राजद नेता की बातों को गंभीरता से सुना और मामले की जांच कर उचित कार्रवाई का आश्वासन दिया। उन्होंने संबंधित अधिकारियों को रघुनाथपुर अंचल के माध्यम से रिपोर्ट मंगवाने और नियमतः घेराबंदी की प्रक्रिया शुरू करने की बात कही। इस अवसर पर स्थानीय ग्रामीणों में इस पहल को लेकर खुशी देखी जा रही है और उन्हें उम्मीद है कि प्रशासन जल्द ही इस दिशा में ठोस कदम उठाएगा।

## सदर मे भाजपा का दो दिवसीय प्रशिक्षण शिविर का आयोजन



**दैनिक खोज खबर/डोरीगंज (सारण)।** सदर प्रखण्ड के डुमरी अड्डा गांव स्थित उच्च विधालय डुमरी के प्रांगण मे भाजपा द्वारा पंडित दीनदयाल उपाध्याय प्रशिक्षण महाभियान के तहत दो दिवसीय प्रशिक्षण शिविर का आयोजन किया गया । इस अवसर पर अपने संबोधन मे भाजपा जिला अध्यक्ष रंजीत कुमार सिंह ने कहा कि भाजपा के लिए राष्ट्र सर्वोपरि है । भाजपा कभी राष्ट्र के स्वाभिमान के साथ समझौता नही कर सकती । भाजपा देश एवं देश के नागरिकों के प्रति समर्पित पार्टी है । उन्होंने भाजपा के नीतियों को जन जन तक पहुँचाने का आह्वान किया ।कार्यक्रम की अध्यक्षता सदर दक्षिणी मंडल अध्यक्ष विपिन सिंह ने किया । इस अवसर पर मुख्य रुप से उत्तरी के अध्यक्ष श्रवण राय , वरिष्ठ भाजपा नेता हरेश्वर सिंह , जिला प्रभारी नीलम राम भारती , विजय सिंह , राजेश सिंह , विनोद सिंह , चन्द्रमोहन सिंह , सुमन्त कुमार , अखिलेश सिंह ,चन्दन कुमार , कंचन कुशवाहा ,कृष्णानन्द सिंह विनय कुमार विमल , रामायण चौरसिया , चन्देश्वर कुशवाहा सहित अनेक भाजपा कार्यकर्ता उपस्थित थे ।

## पुअनि चितरंजन बने सिसवन थाना के नए थानाध्यक्ष

**सिवान।** एसपी पूरन कुमार झा ने कार्यहित में पुलिस अवर निरीक्षक चितरंजन कुमार को सिसवन थाना के नए थानाध्यक्ष बनाया है। एसपी के जारी पत्र में बताया गया है कि जिलांतर्गत सिसवन थाना के तत्कालीन थानाध्यक्ष द्वारा पारिवारिक कारणों से पदमुक्त किए जाने हेतु दिए गए आवेदन पत्र पर सहानुभूतिपूर्वक विचार किया गया। इस संबंध में पुलिस उप-महानिरीक्षक, सारण क्षेत्र, छपरा से अनुमोदन प्राप्त होने के उपरांत कार्यहित में निम्नांकित पुलिस पदाधिकारियों का स्थानांतरण / पदस्थापन किया गया है। सभी संबंधित पदाधिकारियों को निर्देशित किया गया है कि वे अविलंब अपने नव पदस्थापन स्थल पर योगदान कर योगदान प्रतिवेदन समर्पित करें। थानाध्यक्ष सिसवन पुलिस अवर निरीक्षक अशोक कुमार को डीआइयू व मुफ्फसिल थाना के पुलिस अवर निरीक्षक चितरंजन कुमार को सिसवन थानाध्यक्ष बनाया गया है।

## श्रीमद्भागवत ज्ञान कथा अनुष्ठान सह श्रीराम कथा महायज्ञ के लिए बैठक



**दैनिक खोज खबर/जलालपुर(सारण)।** किशुनपुर में श्रीमद्भागवत ज्ञान कथा अनुष्ठान सह श्रीराम कथा आयोजन हेतु एक आवश्यक बैठक सांसद जनार्दन सिंह सिग्रीवाल की अध्यक्षता में हुई जिसमें सांसद जी की अध्यक्षता में एक पच्चीस सदस्यीय संरक्षण - मंगल का गठन किया गया। संरक्षण मंडल के सदस्य के रुप में बाबा दामोदर दास जी महाराज, महंथ अखिलेश्वर पर्वत धर्मनाथ मंदिर ,चोकर बाबा पूर्व विधायक , पंडित मधुसूदन दूबे , विजय कुमार सिंह विभाग संघचालक ,अजय सिंह पूर्व शिक्षा पदाधिकारी ,बबन सिंह , शैलेश सिंह , अरुण पुरोहित ,ललनदेव तिवारी, उमेश तिवारी जिलाध्यक्ष भाजपा , तारकेश्वर सिंह पूर्व मुखिया , रासबिहारी राम प्रवर डाक अधीक्षक , डाक्टर कौशल्या कुमारी जे पी विश्वविद्यालय , प्रमोद सिंह छपरा ,मदन सिंह नेताजी कटेसर , उमेश तिवारी बड़ा बाजार ,उत्तम बैठा मुखिया पति बिशुनपुरा पंचायत , सर्वजीत सिंह दिल्ली पुलिस , अवध किशोर मिश्र सम्पर्क प्रमुख , राहुल मेहता पूर्व प्रांतीय प्रमुख बजरंग दल ,ई ललित कुमार सिंह , मनोज सिंह उर्फ पप्पू, दिनेश कुंवर हरिहरपुर एवं राजकर्ण सिंह । बैठक में 25 मई 2026 से पहली जून2026 तक आयोजित इस आध्यात्मिक समारोह को भव्य बनाने के लिए सभी आवश्यक रुप रेखा पर विचार किया गया।

## आज 132 केवी हाई वोल्टेज लाइन होगी चालू

**सिवान।** 132 केवी रघुनाथपुरङ्कछपरा ट्रांसमिशन लाइन के एचटीएलएस रीकंडक्टोरिंग कार्य को सफलतापूर्वक पूरा कर लिया गया है। इस महत्वपूर्ण लाइन को छह अप्रैल की सुबह 11ः00 बजे चार्ज किया जाएगा। इस संबंध में रघुनाथपुर ग्रिड के सहायक कार्यपालक अभियंता आशीष कुमार ने आमजन से अपील की है कि लाइन के चार्ज होने के बाद यह उच्च वोल्टेज (132 केवी) की विद्युत धारा प्रवाहित करेगी। इससे दुर्घटना की आशंका बनी रहती है। इसलिए सभी लोग लाइन से सुरक्षित दूरी बनाए रखें। यह ट्रांसमिशन लाइन रघुनाथपुर, चकरी, आंदर, हसनपुरा, पंचरुखी, दारौदा, रसूलपुर, एकमा, अनवल, दाऊदपुर, कोपा, समहौता और छपरा क्षेत्रों से होकर गुजरती है। बिजली कंपनी ने विशेष रूप से इन क्षेत्रों के निवासियों को सतर्क रहने व लाइन के आसपास किसी भी प्रकार की लापरवाही न बरतने की सलाह दी है।

## नशीले पदार्थ की खरीद एवं बिक्री करने वाला अभियुक्त गिरफ्तार

**परवेज अख्तर/सिवान।** मुफ्फसिल थाना क्षेत्र के ललित बस स्टेंड परिसर स्थित मंदिर के पास पुलिस ने गुप्त सूचना के आधार पर छापेमारी कर नशीले पदार्थ की खरीद एवं बिक्री करने वाला अभियुक्त को गिरफ्तार कर लिया। गिरफ्तार मुफस्सिल थाना क्षेत्र के खुर्माबाद निवासी कुंदन कुमार है। इसके पास से पुलिस ने 15 ग्राम स्मैक, 750 ग्राम गांजा एवं 1,88,070 नगद राशि बरामद किया है। जिसे पुलिस ने पूछताछ के बाद जेल भेज दिया। इस संबंध में एसपी पूरन कुमार झा ने बताया कि चार अप्रैल को मुफ्फसिल थाना को गुप्त सूचना प्राप्त हुई कि ललित बस स्टैंड में मंदिर के पास कुंदन कुमार द्वारा स्मैक एवं गांजा साथ में रखकर खरीद एवं बिक्री कर रहा है। उक्त सूचना पर त्वरित कार्रवाई करते हुए मुफ्फसिल थाना पुलिस टीम द्वारा संदर्भित स्थल पहुंच कर छापेमारी किया गया। छापेमारी के क्रम में पुलिस टीम को देखकर एक व्यक्ति भागने का प्रयास किया, जिसे उपलब्ध बल के सहयोग से पकड़ लिया गया। पुछ-ताछ के क्रम में उसने अपना नाम कुंदन कुमार बताया। जांच एवं तलाशी के क्रम में उसके पास से 15 ग्राम स्मैक जैसा नशीला पदार्थ एवं 50 हजार रुपया नगद राशि बरामद किया गया। गिरफ्तार अभियुक्त द्वारा बताया गया कि वे स्मैक, गांजा आदि जैसे नशीले पदार्थ का खरीद एवं बिक्री करते हैं तथा कुछ गांजा अपने घर पर छुपाकर रखे हुए है। गिरफ्तार अभियुक्त के निशानदेही पर अभियुक्त के घर पुनः छापेमारी किया गया। छापेमारी के क्रम में अभियुक्त के घर से कुल-750 ग्राम गांजा एवं नगद राशि एक लाख अड़तीस हजार सत्तर रूपया बरामद किया गया। इस संबंध में मुफ्फसिल थाना में धारा-8 (सी)/21 (बी) / 20 (द्बद्ब) (बी) के तहत कांड दर्ज किया गया है।

## प्रशिक्षण महाभियान के तहत हुसैनगंज मंडल की कार्यशाला का हुआ आयोजन

**सिवान।** भारतीय जनता पार्टी द्वारा पंडित दीनदयाल उपाध्याय प्रशिक्षण महाभियान के अंतर्गत रविवार को भाजपा जिला कार्यालय में हुसैनगंज मंडल में कार्यशाला का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में पार्टी संगठन को सशक्त बनाने एवं कार्यकर्ताओं को वैचारिक रूप से प्रशिक्षित करने पर विशेष जोर दिया गया। कार्यक्रम के मुख्य वक्ता भाजपा जिलाध्यक्ष राहुल तिवारी ने कार्यकर्ताओं को संबोधित करते हुए कहा कि पंडित दीनदयाल उपाध्याय का संकल्प और उनका दर्शन आज के समय में अत्यंत प्रासंगिक है। उन्होंने कहा कि प्रत्येक कार्यकर्ता संगठन की रीढ़ है और हम सभी का दायित्व है कि उनके विचारों को आत्मसात करते हुए संगठन को बूथ स्तर तक मजबूत करें। उन्होंने कार्यकर्ताओं से आग्रह किया कि वे जन-जन तक पार्टी की नीतियों और सिद्धांतों को पहुंचाने में अपनी सक्रिय भूमिका निभाएं तथा संगठन विस्तार में पूरी निष्ठा के साथ जुटें। इस अवसर पर दारौंदा विधायक करणजीत सिंह उर्फ व्यास सिंह ने कहा कि भाजपा का संगठन ही उसकी सबसे बड़ी ताकत है। प्रशिक्षित और समर्पित कार्यकर्ता ही पार्टी की नीतियों को प्रभावी रूप से आम जनता तक पहुंचा सकते हैं। वहीं भाजपा के पूर्व जिलाध्यक्ष मनोज कुमार सिंह ने अपने संबोधन में कहा कि प्रशिक्षण महाभियान कार्यकर्ताओं को वैचारिक रूप से सुदृढ़ करने का एक सशक्त माध्यम है, जिससे संगठन को नई ऊर्जा प्राप्त होती है और कार्यकर्ताओं में नेतृत्व क्षमता का विकास होता है। कार्यक्रम में मुख्य रूप से शंभू प्रसाद गुप्ता, अनुरंजन मिश्रा, चंद्रविजय प्रकाश यादव उर्फ़ हैप्पी यादव, विजय कुमार चौधरी, भाजपा मीडिया प्रभारी आदित्य कुमार पाठक, मिथलेश यादव, अशोक दुबे, दीपू कुमार सिंह आदि लोग मौजूद थे।

# चेन्नई नेत्रालय का हुआ उद्घाटन, मिलेगी बेहतर स्वास्थ्य सुविधा

**परवेज अख्तर/सिवान।** शहर के बिंदुसार रोड स्थित हुसैनी मोड़ पर शनिवार को चेन्नई नेत्रालय का उद्घाटन किया गया। इस अवसर पर मुख्य अतिथि के रूप में कई गणमान्य व्यक्ति उपस्थित रहे। कार्यक्रम का शुभारंभ फेको सर्जरी, ग्लूकोमा और मेडिकल रेटीना के विशेषज्ञ सह तमिलनाडु के अरविंद और शंकर नेत्र अस्पताल से प्रशिक्षित चिकित्सक डा. एमए अकबर की माता हसमत आरा द्वारा फीता काटकर किया गया। नेत्रालय के उद्घाटन के साथ ही अब क्षेत्र के लोगों को आंखों से संबंधित बीमारियों के इलाज के लिए दूर नहीं जाना पड़ेगा। यहां आधुनिक उपकरणों और विशेषज्ञ डाक्टरों की सुविधा उपलब्ध कराई गई है, जिससे मरीजों को बेहतर और सस्ती चिकित्सा सेवाएं मिल सकेंगी। उद्घाटन समारोह में वक्ताओं ने कहा कि यह नेत्रालय क्षेत्र के लिए एक महत्वपूर्ण सौगात है। इससे न केवल लोगों को समय पर इलाज मिलेगा, बल्कि आंखों की बीमारियों के प्रति जागरूकता भी बढ़ेगी। वहीं फेकोप्लास्टी, ओकुलोप्लास्टी और एलवीए में विशेषज्ञ सह एलवीपी हैदराबाद से प्रशिक्षित डा. शिमैला हैदर द्वारा नेत्र रोगियों को स्वास्थ्य सेवा देगी। अंत में डा. एमडी इसराइल ने सभी अतिथियों और उपस्थित लोगों का आभार व्यक्त किया और नेत्रालय के सफल संचालन का संकल्प लिया। मौके पर डा. शरद चौधरी, डा. मंजीत रंजन, दारौंदा विधायक कर्णजीत सिंह, डा. अनु बाबू, डा. संगीता चौधरी, डा. एम डी शादाब सहित अन्य लोग मौजूद थे।



## छपरा-जम्मूतवी साप्ताहिक एक्सप्रेस का संचलन आज (6 अप्रैल) से, मढ़ौरा में ठहराव नहीं मिलने से लोगों में मायूसी




**दैनिक खोज खबर/मढ़ौरा(सारण)।** यात्रियों की सुविधा हेतु गाड़ी संख्या 05193 /0519 विशेष गाड़ी छपरा-जम्मूतवी साप्ताहिक एक्सप्रेस का संचलन 6 अप्रैल से किया जा रहा हैं। लेकिन विशेष गाड़ी की मढ़ौरा में ठहराव नहीं दिए जाने से स्थानीय लोगों में मायूसी हैं। छपराङ्कथावे रेलखंड पर प्राचीन औधोगिक नगरी मढ़ौरा लंबे कालखंड से महत्वपूर्ण स्थान रहा हैं। जिसको लेकर मढ़ौरा और आसपास के लोगों को इस रेल खंड से गुजरने वाली ट्रेनों का ठहराव मिलने की अपेक्षा रहती है। फिर भी रेल प्रशासन द्वारा यहां के लोगों की सुविधा को नजरंदाज कर विशेष गाड़ी का ठहराव नहीं दिया गया है। इसको लेकर प्रखंड मुखिया संघ के अध्यक्ष परमात्मा राय, पूर्व मुखिया प्रतिनिधि हर्षवर्धन दीक्षित, डा. विजय कुमार, जेपी सिंह, सोनू सिंह, नीरज कुमार, हरेंद्र यादव आदि लोगों ने ट्रेन की मढ़ौरा में ठहराव नहीं रहने पर नाराजगी जताई और कहा कि इसकी मांग की जायेगी। बता दें कि गाड़ी संख्या 05193 छपरा-जम्मूतवी साप्ताहिक एक्सप्रेस छपरा 06 अप्रैल से 13 जूलाई , 2026 तक प्रत्येक सोमवार को तथा गाड़ी संख्या 05194 जम्मूतवी-छपरा साप्ताहिक एक्सप्रेस 08 अप्रैल से 15 जूलाई 2026 तक प्रत्येक बुधवार को 15 फेरों मे चलेगी। जो 06 अप्रैल से 13 जूलाई , 2026 तक प्रत्येक सोमवार छपरा से 14.00 बजे प्रस्थान कर 23.00 बजे जम्मूतवी पहुंचेगी।वापसी यात्रा में गाड़ी संख्या 05194 जम्मूतवी-छपरा साप्ताहिक एक्सप्रेस 08 अप्रैल से 15 जूलाई 2026 तक प्रत्येक बुधवार को जम्मूतवी से 01.20 बजे प्रस्थान कर कठुआ से 02.22 बजे छूटकर 09.15 बजे छपरा जंक्शन पहुंचेगी । इस गाड़ी में शयनयान श्रेणी के 05, साधारण द्वितीय श्रेणी के चेयरकार 03, वातानुकूलित तृतीय श्रेणी के 06, वातानुकूलित तृतीय इकोनॉमी श्रेणी के 02 तथा एस0एल0आर0 डी के 01 तथा जेनरेटर सह लगेज यान के 01 कोचों सहित कुल 20 कोच लगाये जायेंगे। इसकी जानकारी, रेल मंडल कार्यालय वाराणसी जनसम्पर्क अधिकारी अशोक कुमार ने दी है

## अल्पसंख्यक आयोग के अध्यक्ष मौलाना गुलाम रसूल बलियावी से मौलाना इमरान की मुलाकात

**मदरसा शिक्षा को मजबूती देने पर हुई चर्चा, दी मुबारकबाद मौलाना इमरान आलम ने बलियावी से शिष्टाचार मुलाकात की**



**परवेज अख्तर/सिवान।** ऑल मदरसा युवा शिक्षक संघ के प्रदेश अध्यक्ष मौलाना इमरान आलम ने अल्पसंख्यक आयोग के अध्यक्ष जनाब मौलाना गुलाम रसूल बलियावी से मुलाकात कर उन्हें बधाई और मुबारकबाद पेश की।इस दौरान मदरसा शिक्षा से जुड़े विभिन्न मुद्दों पर विस्तार से चर्चा की गई।मौलाना इमरान आलम ने बताया कि विधानसभा चुनाव से पूर्व उन्होंने मदरसों को अल्पसंख्यक दर्जा दिलाने के लिए एक व्यापक मुहिम शुरू की थी। इस दिशा में 26 फरवरी 2026 को बिहार राज्य मदरसा शिक्षा बोर्ड (संशोधन) विधेयक 2026 को विधानसभा में पारित किया गया, जिसे उन्होंने ऐतिहासिक कदम बताया।उन्होंने कहा कि बिहार के मुख्यमंत्री नीतीश कुमार द्वारा उठाया गया यह कदम सराहनीय है, जिससे मदरसों को संवैधानिक ढांचा प्रदान करने की प्रक्रिया मजबूत हुई है। इस पहल में ऑल मदरसा युवा शिक्षक संघ की भी सक्रिय भूमिका रही है।मौलाना इमरान ने बताया कि पूर्व में भी इस मुद्दे को लेकर उन्होंने बलियावी साहब से मुलाकात कर मदरसों को अल्पसंख्यक दर्जा देने की मांग रखी थी। उस समय बलियावी ने आश्वासन दिया था कि वे इस विषय को सरकार और संबंधित विभाग तक पहुंचाएंगे।उन्होंने कहा कि आज उसी प्रयास का परिणाम है कि मदरसों को संवैधानिक दायरे में लाने की दिशा में महत्वपूर्ण प्रगति हुई है। उन्होंने इसे मदरसा बोर्ड के इतिहास में एक बड़ा बदलाव बताते हुए कहा कि इससे मदरसों का बुनियादी ढांचा और शैक्षणिक स्थिति और मजबूत होगी।मौलाना इमरान आलम ने विश्वास जताया कि आने वाले समय में बिहार सरकार के कार्यकाल 2025 से 2030 के दौरान मदरसों को पूर्ण रूप से अल्पसंख्यक दर्जा भी प्राप्त होगा। साथ ही उन्होंने कहा कि इस दिशा में जो कार्य शेष हैं, उन्हें भी जल्द पूरा किया जाएगा।

## विशेष अभियान में उत्पाद टीम ने 13 को किया गिरफ्तार

**सिवान।** उत्पाद विभाग की टीम ने विशेष अभियान चलाकर 13 लोगो को गिरफ्तार की है। मामले में उत्पाद सदर थानाध्यक्ष सह इंस्पेक्टर अंकेश कुमार ने बताया कि जिले में विशेष अभियान के दौरान 13 लोगों को गिरफ्तार किया गया है। इसमें सात शराब तस्कर व छह शराबी शामिल है। वहीं इनके पास से 41.700 लीटर विदेसी शराब, 396 लीटर देसी शराब व 7576 लीटर चुलाई शराब बरामद की गई है। कागजी प्रक्रिया के बाद सभी को कोर्ट में पेश किया गया, जहां कोर्ट ने न्यायिक हिरासत में भेज दिया।

## दो बाइक के आमने-सामने की टक्कर में चार घायल, दो की स्थिति गंभीर

**सिवान।** रघुनाथपुर थाना क्षेत्र के मुरारपट्टी गांव के समीप दो बाइक की आमने-सामने की टक्कर में चार लोग गंभीर रूप से घायल हो गए। घायलों में थाना क्षेत्र के कड़सर गांव निवासी दिनेश, अंजनी सिंह और नगर थाना क्षेत्र के शेख मोहल्ला निवासी इमरान खान और आदिल शामिल हैं। बताया जाता है कि आदिल व इमरान एक साथ आदिल के सुसराल पंजवार गए हुए थे। जहां दोनों एक बाइक पर सवार होकर अपने घर शेख मोहल्ला लौट रहे थे तभी मुरारपट्टी गांव के समीप दिनेश और अंजनी सिंह एक बाइक पर सवार थे। जहां दोनों बाइक में आमने-सामने की टक्कर हो गई। जिसमें चारों गंभीर रूप से घायल हो गए। आनन फानन में चारों को इलाज के लिए स्थानीय स्वास्थ्य केंद्र में भर्ती कराया गया, जहां चिकित्सकों ने प्राथमिक उपचार के बाद स्थिति गंभीर देखते हुए सदर अस्पताल रेफर कर दिया। सदर अस्पताल में भी प्राथमिक उपचार के बाद स्थिति गंभीर देखते हुए चिकित्सकों ने आदिल और इमरान को पीएमसीएच रेफर कर दिया। हालांकि स्वजन किसी निजी अस्पताल में उनका इलाज करवा रहे हैं। वहीं दिनेश के स्वजनों का कहना है कि दिनेश ठाकुर और अंजनी सिंह सड़क किनारे बाइक पर सवार होकर खड़े थे, तभी तेज रफ्तार से आ रही बाइक ने उनके बाइक में ठोकर मार दी है।

## अखिल भारतीय पासी समाज के जिलाध्यक्ष बने सुदर्शन चौधरी

सिवान। शहर के ललित बस स्टैंड स्थित एक होटल में रविवार को अखिल भारतीय पासी समाज की बैठक आयोजित की गई। बैठक में समाज के लोगों ने बड़ी संख्या में उत्साहपूर्वक भाग लिया। मुख्य अतिथि के रूप में समाज के प्रदेश अध्यक्ष ललन चौधरी उपस्थित रहे। सर्वप्रथम समाज के सदस्यों ने प्रदेश अध्यक्ष का फूलमाला तथा अंगवस्त्र पहनाकर भव्य स्वागत किया। बैठक में समाज के संगठनात्मक विस्तार, एकता और सामाजिक उन्नति पर विस्तृत चर्चा हुई। इसके बाद जिलाध्यक्ष के चुनाव का आयोजन किया गया, जिसमें सर्वसम्मति से सुदर्शन चौधरी को जिलाध्यक्ष चुना गया। नवनिर्वाचित जिलाध्यक्ष सुदर्शन चौधरी ने कहा यह हमारी पहली बैठक है, आने वाले त्रिस्तरीय चुनावों में समाज की एकता बनाए रखते हुए एक पद पर केवल एक ही उम्मीदवार उतारा जाएगा, ताकि समाज की जीत सुनिश्चित हो सके। साथ ही समाज के लोगों को शिक्षा, रोजगार और सामाजिक रूप से आगे बढ़ाने के लिए ठोस प्रयास किए जाएंगे। इस अवसर पर रमेश चौधरी, भारत चौधरी, लालबाबू चौधरी, मैनेजर चौधरी, मुन्ना चौधरी, राजकुमार सिपाही चौधरी, राजकिशोर चौधरी, मुकेश चौधरी सहित अनेक समाज के गणमान्य सदस्य उपस्थित रहे।

## ऋषिकेश-मुजफ्फरपुर- ऋषिकेश के बीच चलेगी विशेष गाड़ी

**परवेज अख्तर/सिवान।** रेलवे प्रशासन द्वारा ग्रीष्मकाल के दौरान यात्रियों की अतिरिक्त सुविधा हेतु 04314/04313 योग नगरी ऋषिकेश-मुजफ्फरपुर-योग नगरी ऋषिकेश वाया गोरखपुर ग्रीष्मकालीन आरक्षित विशेष गाड़ी का संचालन योग नगरी ऋषिकेश से 16 अप्रैल से 12 जुलाई तक प्रत्येक गुरुवार एवं रविवार को तथा मुजफ्फरपुर से 17 अप्रैल से 13 जुलाई तक प्रत्येक शुक्रवार एवं सोमवार को 26 फेरों के लिया निम्नवत किया जाएगा। जनसंपर्क पदाधिकारी अशोक कुमार ने बताया कि 04314 योग नगरी ऋषिकेश-मुजफ्फरपुर ग्रीष्मकालीन आरक्षित विशेष गाड़ी 16 अप्रैल से 12 जुलाई तक प्रत्येक बृहस्पतिवार एवं रविवार को योग नगरी ऋषिकेश से 15.20 बजे प्रस्थान कर हरिद्वार, मुरादाबाद, बरेली, शाहजहांपुर दूसरे दिन सीतापुर, गोंडा, बस्ती, गोरखपुर, सिवान से 07.05 बजे, छपरा तथा हाजीपुर छूटकर मुजफ्फरपुर 11.20 बजे पहुंचेगी। बताया कि वापसी यात्रा में, 04313 मुजफ्फरपुर-योग नगरी ऋषिकेश ग्रीष्मकालीन आरक्षित विशेष गाड़ी 17 अप्रैल से 13 जुलाई तक प्रत्येक शुक्रवार एवं सोमवार को मुजफ्फरपुर से 14.00 बजे प्रस्थान कर हाजीपुर, छपरा से 17.45 बजे, सिवान से 18.35 बजे छूटकर विभिन्न स्टेशन होते हुए दूसरे दिन ऋषिकेश 11.15 बजे पहुंचेगी। बताया कि इस गाड़ी में वातानुकूलित तृतीय श्रेणी का एक, वातानुकूलित द्वितीय श्रेणी का एक, शयनयान श्रेणी के दस, सामान्य द्वितीय श्रेणी के चार तथा एसएलआर के दो कोचों सहित कुल 18 कोच लगाए जाएंगे।

## एसपी ने कार्रवाई करते हुए आचरण प्रमाण पत्र के शाखा प्रभारी को बदला

**परवेज अख्तर/सिवान।** समाहरणालय परिसर स्थित आचरण प्रमाण पत्र कार्यालय पर आचरण प्रमाण पत्र निर्गत करने के लिए बिचौलियों या कुछ कर्मियों द्वारा दो सौ से एक हजार तक अवैध वसूली करने की शिकायत मिलने पर एसपी पूरन कुमार झा ने शनिवार को कार्यालय पहुंच औचक निरीक्षण किया था। जिसके बाद एसपी ने कार्रवाई करते हुए शाखा प्रभारी को बदल दिया है। इस संबंध में एसपी ने बताया कि मेरे आदेशानुसार पुलिस कार्यालय में पदस्थापित विभिन्न शाखा प्रभारियों के कार्यों के सुचारू संचालन एवं प्रशासनिक सुदृढ़ीकरण के उद्देश्य से उनके पदस्थापन /स्थानांतरण में आंशिक संशोधन किया गया है। सभी शाखा प्रभारियों को निर्देशित किया गया है कि वे अविलंब अपने नव पदस्थापन स्थल पर योगदान कर योगदान प्रतिवेदन समर्पित करें। बताया कि लिपिक नितू कुमारी प्रभारी लोकसेवाओं का अधिकार शाखा, अतिरिक्त प्रभार पासपोर्ट शाखा, सत्यापन शाखा, विदेशी शाखा, पुलिस कार्यालय को प्रभारी लोक शिकायत निवारण कोषांग, मानवधिकार आयोग, सूचना का अधिकार शाखा में व पुअनि जुली कुमारी प्रभारी लोक शिकायत निवारण कोषांग, मानवधिकार आयोग, सूचना का अधिकार शाखा को प्रभारी लोकसेवाओं का अधिकार शाखा, अतिरिक्त प्रभार पासपोर्ट शाखा, सत्यापन शाखा, विदेशी शाखा, पुलिस कार्यालय में स्थानांतरण किया गया है।

## नौतन - बदमाशों ने 24 घंटे के अंदर दो घरों पर किया हमला

**परवेज अख्तर/सिवान।**नौतन थाना क्षेत्र के बिशुनपुरा गांव में पुरानी विवाद को लेकर बदमाशों ने 24 घंटे के अंदर दो घरों पर हमला कर दिया। जिसके चलते गांव में दहशत माहौल कायम है। वहीं घटना की सूचना मिलने पर स्थानीय थाना मौके पर पहुंचकर मामले जांच कर आगे की कार्रवाई में जुट गई है।घटना के संबंध में बताया जा रहा है कि बिशुनपुरा गांव के राकेश कुमार मिश्र एवं एवं मुकेश कुमार मिश्र के बीच भूमि विवाद चल रहा है। शनिवार की रात करीब दस बजे राकेश कुमार मिश्र के घर पर 30-40 की संख्या में शरारती तत्वों ने हमला कर महिलाओं के साथ अभद्र व्यवहार किया। शोरगुल की आवाज सुनकर आसपास के लोगों ने पहुंचकर बीच-बचाव करते हुए हमलावरों को खदेड़ा पुनः रविवार को राकेश कुमार मिश्र के पड़ोसी राम प्रभाव मिश्र के घर पर बाइक सवार 20-30 शरारती तत्वों ने हमला कर दिया, उनमें से कुछ शरारती तत्वों ने घर में घुसकर महिलाओं के साथ अभद्र व्यवहार किया। घरवालों की चीख-पुकार सुनकर ग्रामीण दौड़े। हमलावर अपनी दो बाइक छोड़कर फरार हो गए। ग्रामीणों की सूचना पर पहुंची पुलिस ने घटनास्थल से दो बाइक को बरामद किया है। राकेश कुमार मिश्र की पत्नी आशा देवी ने आवेदन देकर मुकेश मिश्र, पवन कुशवाहा, भीम कमकर, नंदकिशोर भगत, नागेंद्र चौधरी, संत कुमार, सरोज कुमार को नामजद तथा अन्य अज्ञात सहित लगभग 30-40 लोगों को आरोपित किया है, वही राम प्रभाव मिश्र ने नंदकिशोर भगत, पवन कुशवाहा, भीम खरवार, संत भगत, राहुल शर्मा, मुकेश मिश्र, मुकेश साह, पवन कुशवाहा, कन्हैया भगत, कन्हैया साहनी सहित 11 लोगों को नामजद एवं अन्य अज्ञात सहित लगभग 30 लोगों को आरोपित किया है।

